सुप्रभात
रांची, मंगलवार
02.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 170



12 मानव को सुसंस्कृत बनाने को साधु-संतों ने की दुर्गम यात्राएं : राजनाथ

## न्यूज डायरी

### पुरी के जगन्नाथ मंदिर में ड्रेस कोड लागू

**भुवनेश्वर।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने 12वीं सदी के इस धार्मिक स्थल में निकर, फटी जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन वाले कपड़े पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी। भक्तों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य कर दिया गया है।

### झामुमो विधायक सरफराज का इस्तीफा



**रांची।** गांडेय से झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। श्री अहमद ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है। रविवार के इस्तीफे को सोमवार को स्पीकर ने स्वीकार कर लिया। 31 दिसंबर 2023 के प्रभाव से यह सीट खाली हो गया है।

### जापान : भूकंप के बाद बड़ी सुनामी की चेतावनी

**टोक्यो।** जापान के मध्य प्रांत इशिकावा में सोमवार को लगातार भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। इसके साथ सुनामी की चेतावनी भी जारी की गयी। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.6 मापी गयी। जापान के होंशू द्वीप में भूकंप के तेज झटके महसूस हुए।

### पंजाब में नहर किनारे मिला डीएसपी का शव

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में अर्जुन पुरस्कार विजेता पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दलबीर सिंह देयोल नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाये गये। स्थानीय गुलाब देवी रोड पर एक नहर के किनारे उनका कई चोटों वाला शव मिला।

### आंध्र प्रदेश में सड़क हादसा, पांच की मौत

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश में सोमवार को दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में पांच युवकों की मौत हो गयी। उप निरीक्षक नरसिम्हा राव ने बताया कि प्रकाशम जिले में बेस्टावरिपेटा मंडल के पापयापल्ली में चाय पीने के लिए पांडिलपल्ली टोल प्लाजा जा रहे लोगों की मौत हो गयी।

### झारखंड को मिलेंगे सात नये विश्वविद्यालय

**रांची।** राज्य में 2024 में सात नये विश्वविद्यालय की स्थापना होनी है। इस दौरान चार अंगीभूत कॉलेजों को विवि के रूप में अपग्रेड किया जायेगा, तो वहीं तीन नये विवि भी खोले जायेंगे। इससे भविष्य में झारखंड के शिक्षा के स्तर को सुधारा जा सकता है।

### बब्बर खालसा से जुड़ा गोल्डी आतंकी घोषित

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े सतविंदर सिंह उर्फ सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ को यूएपीए के तहत आंतकवादी घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैर कानूनी गतिविधि निरोधक कानून (यूएपीए) के तहत आतंकी सूची में कनाडा के ब्रैंपटन में रह रहे गोल्डी को शामिल कर दिया है।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 77,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




भारत की बड़ी उपलब्धि

# इसरो खोलेगा ब्लैक होल का रहस्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने नये साल के पहले दिन सोमवार को एक और इतिहास रच दिया है। इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह (एक्सपोसैट) का प्रक्षेपण किया। इसका उद्देश्य ब्लैक होल जैसे आकाशीय पिंडों के रहस्यों का अध्ययन करना है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि आज एक और सफल अभियान पूरा हो गया है। वहीं पीएम मोदी ने भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इसरो वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दीं। (शेष पेज 11 पर)

## एक्सपोसैट उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, भारत बना दूसरा देश

**क्या करेगा एक्स रे पोलरिमीटर :** यह उपग्रह एक्स-रे स्रोत के रहस्यों और ब्लैक होल की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करने में मदद करेगा। इसका लक्ष्य विभिन्न खगोलीय घटनाओं जैसे ब्लैक होल, न्यूट्रॉन तारे, सक्रिय गैलेक्टिक नाभिक, पल्सर और नेबुला से उत्सर्जन तंत्र का अध्ययन करना है। इसका लक्ष्य तीव्र एक्स-रे स्रोतों के ध्रुवीकरण का पता लगाना है, जो एक्स-रे खगोल विज्ञान में एक नया आयाम पेश करता है। यह मिशन पांच साल तक काम करेगा। पीएसएलवी-सी58 ने प्रमुख उपग्रह एक्सपोसैट को निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है। इस बिंदु से पीएसएलवी के चौथे चरण की कक्षा सिमट कर निचली कक्षा में बदल जायेगी, जहां पीएसएलवी का ऊपरी चरण जिसे पोअम बताया गया है, वह पेलोड के साथ प्रयोग करेगा और उसमें थोड़ा वक्त लगेगा। इसरो के अध्यक्ष ने कहा, 2024 गगनयान की तैयारी का वर्ष होने जा रहा है।




### पीएम समेत पूरे देश ने दी बधाई

पीएम मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के राज्यपालों एवं मुख्यमंत्रियों, केंद्रशासित प्रदेश के उपराज्यपालों व प्रशासकों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस एतिहासिक उपग्रह के सफल प्रक्षेपण पर प्रसन्नता जतायी और वैज्ञानिकों की शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, वर्ष 2024 की शानदार शुरुआत के लिए हमारे वैज्ञानिकों को धन्यवाद। यह प्रक्षेपण अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए अद्भुत खबर है और इस क्षेत्र में भारत के कौशल को बढ़ाएगा। भारत को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और पूरी अंतरिक्ष समुदाय को शुभकामनाएं। श्री शाह ने कहा, ज्ञान की खोज में ब्रह्मांड को रोशन करते हुए, आपने एक बार फिर साबित किया है आपकी ताकत हमारा गौरव है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने प्रक्षेपण को इसरो की 2024 की शैली में शुरुआत कहा।

# भारत का नंबर-1 दुश्मन मसूद अजहर मारा गया!

एजेंसी



**कराची।** भारत का मोस्ट वांटेड आतंकवादी और जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मौलाना मसूद अजहर सोमवार को एक बम विस्फोट में मारा गया। मीडिया की अपुष्ट खबरों के मुताबिक, मसूद अजहर सुबह 5 बजे बहावलपुर मस्जिद से वापस जाते समय 'अज्ञात लोगों' ने बम विस्फोट में मारा। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पाकिस्तान में अपुष्ट रिपोर्टों में दावा किया गया है कि मोस्ट वांटेड आतंकवादी, कंधार अपहरणकर्ता मौलाना मसूद अजहर, आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद का प्रमुख, भावलपुर मस्जिद से वापस जाते समय सुबह 5 बजे अज्ञात लोगों के बम विस्फोट में मारा गया है। भारतीय संसद पर हमले का मास्टरमाइंड मसूद अजहर की मौत की खबर सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है।

**संसद हमले का था मास्टरमाइंड :** मौलाना मसूद अजहर भारत का मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल रहा है। (शेष पेज 11 पर)

## खरसावां गोलीकांड के शहीदों की करायी जायेगी पहचान : हेमंत

# कार्यकाल पूरा करेंगे और फिर सरकार भी बनायेंगे

- आदिवासियों की सभ्यता, संस्कृति को बचाना जरूरी
- शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने में सरकार बढ़ रही आगे
- सभी को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/खरसावां।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि आदिवासियों को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खरसावां गोलीकांड के शहीदों की पहचान कराने का प्रयास किया जायेगा, ताकि शहीदों के आश्रितों को भी सम्मान मिल सके। हमारे पूर्वजों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर इस स्थल को प्रेरणा स्थल बनाया है। हमारी सरकार ने हमेशा शहीदों को सम्मान दिया है। सीएम श्री सोरेन सोमवार को खरसावां के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार अपना कार्यकाल तो पूरा करेगी ही अगले साल फिर सरकार बनायेगी। विपक्ष का षडयंत्र झारखंड की जनता कभी पूरा नहीं होने देगी। शहीद स्थल पर जा कर राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। (शेष पेज 11 पर)



### यह शहीद स्थल नहीं, प्रेरणास्थल है

सीएम ने कहा कि यह शहीद स्थल नहीं, आदिवासियों का प्रेरणा स्थल है। यहीं से हमें आदिवासियों को एकजुट करने और आगे बढ़ाने की ताकत मिलती है। इस अवसर पर उन्होंने शहीद पार्क में शहीद स्मारक और वीर शहीद केरसे मुंडा चौक में शहीद स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर इन वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही शहीद स्थल के पास के क्षेत्र में सात करोड़ रुपये से विकास कार्य होंगे। सीएम ने मंच से विपक्षी दलों पर निशाना साधने के साथ-साथ अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी जनता के समक्ष रखी।

### दो दशक तक आदिवासियों को हमेशा रखा गया हाशिये पर

श्री सोरेन ने कहा कि एक जनवरी को जहां पूरा देश नये साल का जश्न मनाता है, वहीं खरसावां के लोग इस पवित्र भूमि पर पहुंचकर शहीदों को नमन करते हैं। आदिवासी समाज का सदियों से संघर्ष का इतिहास रहा है, इसी संघर्ष के कारण आदिवासियों ने अपनी पहचान बनायी है। आदिवासी समुदाय के लोगों का आर्थिक, सामाजिक और बौद्धिक स्तर पर विकास नहीं हो सका, इसका नतीजा नीति निर्धारण करने वालों की उपेक्षा रही है, लेकिन अब सरकार पहल कर रही है। पिछले दो दशकों के दौरान आदिवासियों को हमेशा हाशिये पर रखने का कार्य होता रहा।

# साल के पहले ही दिन टाटा में सड़क हादसा, 6 लोगों की मौत

## साईं मंदिर के पास पोल से टकरायी कार, सभी आदित्यपुर के निवासी

- सीएम हेमंत सोरेन और टाटा स्टील के एमडी नरेंद्रन ने जताया शोक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**आदित्यपुर।** नये वर्ष का जश्न मनाने की तैयारी में जुटे बाबा आश्रम कॉलोनी, आदित्यपुर-2 में पंचमुखी हनुमान मन्दिर के पास रहने वाले छह युवकों की सोमवार तड़के बिष्टुपुर स्थित साईं मन्दिर गोलचक्कर के पास हुई सड़क दुघर्टना में मौत हो गयी। हादसे में दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में प्रेमरंजन झा के पुत्र शुभम कुमार, चन्दन यादव के पुत्र अनिरुद्ध कुमार यादव, श्रवण महतो के पुत्र अनिकेत कुमार महतो, मदन सिंह के पुत्र हेमन्त कुमार सिंह तथा अमित सिंह के पुत्र पियूष उर्फ टुकटुक का नाम शामिल हैं। सभी आदित्यपुर, बाबाकुटी बस्ती के रहनेवाले थे। इस हादसे पर सीएम हेमंत सोरेन और टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने गहरा दुख जताया है।

जानकारी के अनुसार टाटा इंडिगो कार पर आठ दोस्त मेरिन ड्राईव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान साईं मंदिर गोलचक्कर के पास कार अनियंत्रित होकर पोल से जा टकरायी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गये। पांच युवकों की मौत घटनास्थल पर हीं मौत हो गयी। एक अन्य युवक ने इलाज के क्रम में एमजीएम अस्पताल में दम तोड दिया। घायल हर्ष कुमार झा तथा रवि झा को टीएमएच और स्टील सिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**पिकनिक की तैयारी में थे सभी दोस्त :** सभी दोस्त 31 दिसंबर को पिकनिक मनाने की तैयारी में एस रोड में एकत्रित हुए थे। लिट्टी-चोखा बनाने के बाद पार्टी की थी। जश्न के साथ पुराने वर्ष को विदा करने के बाद आज तड़के समय कार पर सवार होकर पिकनिक मनाने के लिए निकले थे। दर्दनाक सड़क हादसे के शिकार हो गये। खबर मिलते ही बाबा आश्रम कॉलोनी क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है।

## पतरातू डैम में नववर्ष की मस्ती...



# कड़ाके की ठंड के बीच कई जिलों में बारिश के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सात जनवरी 2024 तक बारिश के आसार हैं। सुबह में कोहरा या धुंध और फिर मौसम शुष्क रहने की संभावना के बीच राज्य में हल्की बारिश की संभावना जतायी गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि दो जनवरी की सुबह में कोहरा फिर मौसम साफ रहेगा। इसके बाद तीन जनवरी से बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। रांची, बोकारो, हजारीबाग, पलामू, गढ़वा समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। राजधानी रांची और इसके आसपास के इलाकों में सात जनवरी तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है।



**कई दिनों तक बारिश संभव :** झारखंड में दो जनवरी की सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा और बाद में आसमान आमतौर पर साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहने की संभावना है। तीन से पांच जनवरी तक पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, कोडरमा, लोहरदगा, रांची, बोकारो, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, रामगढ़ में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। छह जनवरी को भी राज्य में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है। सात जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। मौसम शुष्क रहने की संभावना है। (शेष पेज 11 पर)

### चाय बनाते समय गैस सिलिंडर में लगी आग, मां-बेटे की मौत

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में नये साल के पहले दिन सोमवार की सुबह चाय बनाने के दौरान गैस सिलिंडर में उठी चिंगारी से आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप धारण कर कर लिया। हादसे में मां और पांच वर्षीय बेटे झुलस गये। झुलसे अवस्था में दोनों को इलाज के लिए गोरखपुर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। दर्दनाक हादसा भोरे थाना क्षेत्र के जगदीश बनतरिया गांव की है। चाय बनाने के लिए पानी गर्म कर रही थी। तभी गैस लिक होने लगा। जिसमें मेरी पत्नी और पांच वर्षीय बेटा झुलस गया। गोरखपुर में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी।

# भोपाल के फूलों से सजेगा रामलला का मंदिर




- भगवान के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा में लगेंगे चार चांद

एजेंसी

**अयोध्या।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बोगनविलिया फूलों का इस्तेमाल अयोध्या के राम मंदिर परिसर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले सजावट के लिए किया जायेगा। भोपाल स्थित निसर्ग नर्सरी के मालिक ने बताया कि उन्हें उत्तर प्रदेश के अयोध्या में फूलों की आपूर्ति का ठेका मिला है और वे 10 हजार फूलों की दो खेप पहले ही भेज चुके हैं। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा (अभिषेक) का समारोह 22 जनवरी को होगा और अवसर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। हमें अयोध्या के राम जन्मभूमि से पांच से छह प्रकार के फूलों की आपूर्ति करने का ठेका मिला है, जिनमें सफेद, नारंगी, लाल और पीले सहित विभिन्न रंग के बोगनविलिया फूल शामिल हैं। इन प्रजातियों के फूल हर मौसम में खिलते हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती और कम पानी में भी इनका रखरखाव किया जा सकता है। नर्सरी ने राम मंदिर परिसर और उसके गलियारे में पौधारोपण के लिए बोली प्रक्रिया के बाद फूलों की आपूर्ति का ठेका हासिल किया है। (शेष पेज 11 पर)

## प्राण प्रतिष्ठा का टाइम टेबल जारी



अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा की रस्म आगामी 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी। राम मंदिर का निर्माण करा रही संस्था श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, "प्राण–प्रतिष्ठा दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी।" उन्होंने कहा, "प्राण–प्रतिष्ठा के बाद आरती करो, पास–पड़ोस के बाजारों में, मुहल्लों में भगवान का प्रसाद वितरण करो और सायंकाल सूर्यास्त के पश्चात दीपक जलाओ। ऐसा ही निवेदन आग्रह पीएम मोदी ने अयोध्या से सारे संसार का आह्वान करते हुए किया है। भव्य राम मंदिर में 'रामलला' की प्राण प्रतिष्ठा की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। नये साल के मौके पर जय श्रीराम के नारों से गूंजता रहा अयोध्या।

# आज होटवार के जेलर से पूछताछ करेगी इडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एक दैनिक अखबार के संपादक को धमकाने के मामले में होटवार जेल के जेलर प्रमोद कुमार से इडी मंगलवार को पूछताछ करेगी। पूरा मामला शराब घोटाला मामले में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी के नाम से एक अखबार के संपादक को फोन पर धमकाने से जुड़ा है। इडी ने जेल से अलग-अलग नंबरों से धमकी दिये जाने के मामले को गंभीरता से लिया था और बीते 30 दिसंबर 2023 को ईडी ने जेलर को समन जारी कर पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा है। इडी ने जेलर से योगेंद्र तिवारी के सेल और टेलीफोन बूथ के आसपास का सीसीटीवी फुटेज भी मांगा है। बता दें कि होटवार जेल में जेल मैनुअल के उल्लंघन के मामले आते रहे हैं। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद वीआइपी कैदियों को जेल मैनुअल का उल्लंघन कर प्रतिबंधित सुविधाएं देने के मामले भी उजागर हुए हैं। ईडी ने छापेमारी में इसका खुलासा भी किया था।

# नये साल की शुरुआत भक्ति के साथ, धार्मिक स्थलों पर हुई मंगलकामना


मंदिर में पूजा-अर्चना


गुरुद्वारा में अरदास


मजार में चादरपोशी


चर्च में प्रार्थना

# पहली जनवरी को एक्का वर्ल्ड कार्निवल में उमड़ी भारी भीड़

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** कार्निवल के पांचवें दिन पहली जनवरी को भी एक्का वर्ल्ड में कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। साल के पहले दिन बड़ी संख्या में लोगों ने कार्निवल आकर आनंद उठाया। सबसे पहले न्यू ईयर रेजोल्यूशन का आयोजन किया गया। व्हाट झुमका, बेस्ट झुमका कंपटीशन में काफी संख्या में युवतियों ने लिया हिस्सा। जलेबी बेबी जलेबी ईटिंग कंपटीशन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में सैकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया। इसे कई राउंड में करना पड़ा। जोरू का गुलाम में कई जोड़ों ने हिस्सा लिया। पतियों को पत्नियों के जूते चमकाने की चुनौती थी। लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस में सीजन 1 मेगा ऑडियंस फाइनलिस्ट शिवेश मिश्रा और डीजे आदित्य ने लोगों को झूमा दिया। बेस्ट झुमका प्रतियोगिता की विजेता मिस पुष्पा रही।

वहीं देर शाम लाइव म्यूजिक परफॉर्मेंस आयोजन किया गया। जिसमें शिवेश मिश्रा ने अपने गानों से लोगों को झुमा दिया। मेगा ऑडियंस फाइनलिस्ट सत्यम कुमार सिंह, कुमारी सुष्मिता थी। डीजे आदित्य ने देर शाम अपने परफॉर्मेंस से लोगों को झूमा दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा शाहदेव, सत्य प्रकाश चंदेल, अहसन अली, लोकेश, राहुल शाहदेव, सौरव, गोपाल शाह देव, आनंद आदि सक्रिय है। इवेंट्स का आयोजन सिनेमैटिका के द्वारा किया जा रहा है।

# पिकनिक स्पॉट पर उमड़ी भीड़ लोगों ने जमकर की मौज-मस्ती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नव वर्ष 2024 के पहला दिन आमलोगों के लिए डत्साह एवं उमंग से भरा रहा। नये साल के शुभरंभ के पहले दिन सोमवार, एक जनवरी को एक तरफ जहां ईसाई समुदाय में 31 दिसंबर की रात से ही गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित हुई, वहीं, अलग अलग धमार्वालंबियों ने अपने अपने तरीके से नये साल के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मंदिरों और मजारों में भी लोगों की भीड़ देखी गयी। जहां पहाड़ी मंदिर, जगरनाथपुर मंदिर, चर्च रोड स्थित काली मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, राम मंदिर, सोमेश्वरधाम मंदिर, राम मंदिर, हिनू चौक स्थित हनुमान मंदिर, चुटिया रेलवे कालोनी स्थित काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, रातू रोड स्थित दुर्गाँ मंदिर, साई मंदिर, पुंदाग स्थित साई मंदिर के साथ मुहल्ले में स्थित मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। इसके आलावा राज्य और राजधानी के आस-पास में स्थित अलग अलग पिकनिक स्पॉट पर भी लोगों की भीड़ रही। इसमें प्रमुख रूप से पतरातु घाटी, पतरातु डैम, कांके डैम, धुर्वा डैम, रूक्का डैम, दशम फॉल, हंडरू फॉल, जोन्हा फॉल, बॉयो डॉयवर्सिटी पार्क, चिड़िया घर, फ्लावर पार्क समेत अन्य जगहों में सुबह से ही लोगों की भीड़ देखी गयी। एक जनवरी को ध्यान में देखते हुए पिकनिक स्पॉट पर अलग से सुरक्षा व्यवस्था के साथ पार्किंग की व्यवस्था भी की गयी थी। राजधानी के सभी पार्क, पर्यटन स्थल, नदी पहाड़ सभी सोमवार को गुलजार नजर आये। शहरवासियों की भीड़ सभी पर्यटन स्थलों पर दिखी। यहां लोग जगह-जगह नये साल की खुशियां मनाते दिखे। बच्चे और युवा जहां पिकनिक पार्टी का आनंद ले रहे थे वहीं बुजुर्ग वर्ग भी नये साल की खुशियों में साथ घूमते और मनोरंजन करते नजर आये।



## मटन-चिकन की दुकानों पर भीड़


नये साल के जश्न में मटन चिकन दुकानों में भी भीड़ देखी गयी. सुबह से ही दुकानों में भीड़ देखी गयी। इस दौरान दुकानों में अलग से सजावट भी की गयी थी। मछली की दुकानों पर भी लोगों की लंबी कतार इस दौरान देखी गयी।

## सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम


एक जनवरी के कारण मंदिरों, पिकनिक स्पॉट के साथ शहर भर में सुरक्षा के सख्त इंतजाम देखा गया। शहर में एक हजार अतिरिक्त जवान को तैनात थे।

## प्रसाद लेने के लिए उमड़ी भीड़


चुटिया स्थित महादेव मंदिर में पूजा के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। जहां हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## नववर्ष मनाने के लिए निगम पार्क में पहुंचे 2000 लोग

जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल मैदान के सामने निगम पार्क में नये साल के अवसर पर बच्चे, बड़े युवा सभी की भारी भीड़ जुटी रही। सुबह से शाम तक करीब 2000 लोग इस पार्क में जुटे। यहां प्रवेश शुल्क 15 रुपये 5 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए 10 रुपये टिकट के रूप में लिए गये। वहीं पार्क के अंदर नाव, झूला, हिडोला, कार झूला समेत पांच झूलों के 10 रुपये प्रति लोग के हिसाब से लिया गया।



## घोड़े की सवारी के लिए मची होड़

मोरहाबादी स्थित नीलांबर-पीतांबर ऑक्सीजन पार्क में प्रवेश निशुल्क था। इस कारण पार्क में बड़ी संख्या में लोग मनोरंजन के लिए पहुंचे थे। वहीं गेट के बाह खिलौने की दुकानों में बच्चों का हुजूम जुटा था। वहीं रातू से अपने घोड़े को राजा घुड़सवारी के लिए लेकर आया था। घोड़े का एक राउंड बड़ों के लिये 100 रुपये एवं बच्चों के लिए 50 रुपये लिया जा रहा था। बच्चे बहुत खुशी से घुड़सवारी कर रहे थे।

## बिरसा मुंडा फन पार्क में पिकनिक का मजा


जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में सोमवार को लोग नये साल का जश्न मनाने पहुंचे। पार्क के बगीचे, झरने, पानी का झील की सुंदरता बहुत खूब लग रही थी। पार्क में बच्चे झूले, हिंडोले, मिक्की माउस, जंपिंग जंप आदि में बच्चे मजे करते नजर आये।

## सिदो कान्हू पार्क में हजारों लोग पहुंचे




सिद्धो-कान्हो पार्क में भी लोग नये साल का जश्न मनाते नजर आये। यहां बड़ों के लिए 15 रुपये एवं बच्चों के लिए 10 रुपये प्रवेश शुल्क था। सुबह से शाम तक करीब हजारों लोग पार्क में मनोरंजन के लिए पहुंचे। पार्क में झरने, पत्थर की गुफा, फूलों के बगीचे देखते ही बन रहे थे।

**नक्षत्र वन** : नक्षत्र वन में प्रवेश शुल्क बड़ों से 15 व बच्चों से 10 रुपये था। यहां सुबह से शाम तक लोग पहुंचते रहे। यहां गुलाब की मोहक सुंदरता दिखी। पार्क में लगे झूले हिंडोले का कोई चार्ज नहीं लिया गया।

**हेहल पहाड़** : हरमू स्थित हेहल पहाड़ में मेले सा नजारा था। युवा, बड़े, बच्चे और बुजुर्ग सभी अपने समूह में नये साल में पिकनिक का आनंद लेते नजर आये। जगह जगह डीजे साउड की धुन में युवा नाच गा कर नये साल का जश्न मनाते भी नजर आये।

**बरियातू पहाड़ी** : बरियातू पहाड़ी में भी लोग नये साल पर पिकपिक का आनंद लेते नजर आये। बरियातू पहाड़ी के करीब का नजारा भी मेले के समान था। चारों ओर आइस्क्रीम, चौमिन, चना, फुचके, चाट मसाले का ठेले खोमचे सजे हुए थे। जहां लोग नये साल की खुशियां मनाते नजर आये।




कांके डैम


धुर्वा डैम

## झामुमो विधायक के इस्तीफे ने झारखंड की राजनीति में बढ़ायी हलचल

# सरफराज अहमद ने फोड़ा इस्तीफा बम

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कल्पना सोरेन को सीएम पद की शपथ दिलायी जा सकती है, उन्हें गांडेय विस सीट से लड़ाया जा सकता है उपचुनाव





उदय चौहान

**रांची।** झारखंड में शीतलहरी के बीच गांडेय विधायक सरफराज अहमद ने इस्तीफा बम फोड़ दिया है। श्री सरफराज के विधायकी से अचानक इस्तीफे से राज्य में राजनीतिक उथल-पुथल के संकेत मिल रहे हैं। इस पर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने भी पैनी निगाह रखी है। इस्तीफे को लेकर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। इस मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के ट्वीट को लेकर राजनीतिक दलों में गहमागहमी है। निशिकांत ने ट्वीट करके कहा है कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन इस्तीफा देंगे और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री बनेंगी। चर्चा यह भी है कि सत्तारूढ़ दल की बैठक चार जनवरी को बुलाई गई है। इसकी वजह यह भी बताई जा रही है कि ईडी की किसी भी संभावित कार्रवाई के लिए सीएम तैयार हैं। सरकार वैकल्पिक रास्ता भी तलाश रही है। राजनीतिक गलियारों में इसकी भी चर्चा है कि कल्पना सोरेन को सीएम पद की शपथ दिलाई जा सकती है। उन्हें गांडेय विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ाया जा सकता है। सरफराज अहमद ने भी कहा है कि वे दो दिनों के अंदर खुलासा करेंगे।

### इडी की कार्रवाई की आशंका, गठबंधन सरकार तलाश रही वैकल्पिक व्यवस्था

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार सीएम को भेजे गये ईडी के सातवें समन पर भी कयास लगाये जा रहे हैं। ईडी की कार्रवाई की आशंका के बीच झारखंड की गठबंधन सरकार ने वैकल्पिक रास्ते की तलाश शुरू कर दी है। सातवां समन 29 दिसंबर को जारी किया गया था। इसमें कहा गया था कि उनसे पूछताछ करना है। वह बतायें कि कब और कहां उपलब्ध रहेंगे। सीएम ने इन दो दिनों में ईडी से कोई संवाद किया है या नहीं? कयास यह भी लगाया जा रहा है कि सीएम हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष पेश होने की बजाय अदालत की शरण में जाना ज्यादा बेहतर समझेंगे। यदि ईडी सीएम के खिलाफ वारंटी भी प्राप्त कर लेता है तो सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती देकर सीएम अपना राह आसान बना सकते हैं।

### गांडेय विधानसभा सीट पर आदिवासी और मुस्लिम वोटर ही होते हैं असली निर्णायक

गांडेय विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफा के बाद राजनीतिक गलियारों में सरगर्मी बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार इस सीट सीट पर आदिवासी और मुस्लिम वोटर ही निर्णायक होते हैं। 2009 में सरफराज अहमद कांग्रेस से ही चुनाव लड़े और उन्होंने जीत हासिल की। 2014 में फिर सरफराज अहमद कांग्रेस की टिकट पर मैदान में उतरे थे। लेकिन मोदी लहर में भाजपा के जेपी वर्मा ने बाजी मार ली थी लेकिन 2019 के चुनाव में यह सीट गठबंधन के तहत झामुमो के खाते में चली गई। तो सरफराज अहमद कांग्रेस छोड़कर झामुमो में आ गये और जीत दर्ज की। इधर, पूर्व में भेजे गये समन को सीएम हेमंत सोरेन ने दुर्भावना से प्रेरित बताया था। सीएम ने इडी पर केंद्र के इशारे पर काम करने व लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाया था। अब नये साल में सरफराज के इस्तीफे के बाद गठबंधन सरकार का रूख क्या होगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

# कल से मौसम में बदलाव के आसार तापमान में होगी वृद्धि, ठंड से राहत

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** नये साल के पहले दिन सोमवार को मौसम अच्छा रहा। राज्य में इस दौरान धूप निकली रही। हालांकि ठंडी हवाओं के कारण लोगों को ठंड का एहसास अधिक हुआ। मौसम खुशनुमा होने के कारण लोगों को पिकनिक और नये साल की खुशी मनाने में कहीं भी खलल नहीं पड़ी, लेकिन तीन जनवरी से राज्य के मौसम में असर देखा जायेगा। तीन जनवरी से राज्य में बारिश की संभावना है। इस दौरान हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आज दो जनवरी से राज्य के उत्तर पश्चिमी, मध्य और निकटवर्ती दक्षिणी हिस्से में बारिश के आसार हैं। इसमें पलामू, लातेहार, गढ़वा, कोडरमा, चतरा, लोहरदगा, गुमला, रांची, खूटी, रामगढ़, बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण राज्य में बारिश होगी।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें विक्षोभ कमजोर होने के कारण राज्य के कुछ हिस्सों में ही इसका असर देखा जायेगा। विक्षोभ का असर राज्य में चार जनवरी तक देखा जायेगाा। हालांकि चार जनवरी की शाम से मौसम बारिश की संभावना कम है। इस दौरान राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में इस दौरान बादल छाये रहेंगे। बारिश के बाद पांच से सात जनवरी तक भी राज्य के कुछ हिस्सों में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं।

इस दौरान राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तक वहीं अधिकतम तापमान 22 डिग्री तक रहने की संभावना है। आने वाले पांच दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि की जानकारी दी गयी है। जिससे लोगों को ठंड का एहसास कम होगा।

## आज का राशिफल
### 02-01-2024

**मेष** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक-4-6-7

**सिंह** : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-6

**कन्या** : 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-5-7

**तुला** : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-2-4-6

**धनु** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-4-6-7

**मकर** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-5

**कुंभ** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-4-6

**मीन** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-4-6

# नववर्ष के उपलक्ष्य में कृष्णा नगर कॉलोनी में सजाया गया विशेष दीवान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा ने कृष्णा नगर कॉलोनी में नववर्ष के उपलक्ष में सोमवार को सुबह विशेष दीवान सजाया गया। नव वर्ष के वृक्ष में सजाए गए। विशेष दीवान की शुरूआत सुबह 7.45 बजे भाई महिपाल सिंह जी द्वारा आसा दी वार कीर्तन से हुई। विशेष रूप से पधारे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई प्रिंस पाल सिंह जी,पटियाला वाले ने कर किरपा तेरे गुण गांवां.. और राजन के राजा महाराजन के महाराजा तुम हो.., शबद गायन कर संगत को गुरवाणी से जोड़ा। सुबह 9.45 बजे तो 10.30 वजे तक साबका हेड ग्रंथी श्री हरमंदिर साहिब, अमृतसर ज्ञानी मान सिंघ ने कथावाचन करते हुए कहा कि श्री गुरुग्रंथ साहिब की आरंभता गुरु प्रसाद से है। समूची वाणी में इसका जिक्र है। वाणी में कहा गया है जो मांगे ठाकुर अपने ते सोई सोई देवै अर्थात हम अकाल पुरख से जो भी मांगे वो बख्शीश कर के हमे देते हैं। उन्होंने कहा कि सांसारिक जिम्मेवारियों के अलावा हमें अकाल पूरख का सिमरन भी करना चाहिए। रोजाना गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का आशीर्वाद लेने के बाद ही दिनचर्या शुरू करनी चाहिए।श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुक्मनामा के साथ विशेष दीवान की सुबह 10.30 बजे हुई। सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने ज्ञानी मान सिंह को और सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने भाई प्रिंस पाल सिंह एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। मौके पर सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने समूह साध को नव वर्ष की बधाई दी। इसी तरह गुरुघर से जुड़े रहने का आह्वान किया। दीवान की समाप्ति के उपरांत संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। दीवान में सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिढ़ा, सुंदर दास मिढ़ा, अशोक गेरा, चरणजीत मुंजाल, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, हरगोविंद सिंह, मनोहर लाल मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, अमरजीत गिरधर, लक्ष्मण दास मिढ़ा, लक्ष्मण सरदाना, हरीश मिढ़ा, लेखराज अरोड़ा, नानक चंद अरोड़ा, राजकुमार सुखीजा, इंदर मिढा, रमेश पपनेजा, प्रेम मिढ़ा, कवलजीत मिढ़ा, महेश सुखीजा, बसंत काठपाल, सुभाष मिढ़ा, हरजीत बेदी, जीतू काठपाल, पाली मुंजाल, राजेंद्र मक्कड़, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, लक्ष्मण दास सरदाना, अमरजीत मुंजाल, पवनजीत सिंह, महेन्द अरोड़ा, मोहन लाल अरोड़ा, जीतू अरोड़ा, नीरज गखड़, अश्विनी सुखीजा, सागर थरेजा, राकेश गिरधर, नीरज सरदाना मौजूद थे।



# हम सब मिलकर झारखंड को आगे बढ़ायेंगे और समृद्ध करेंगे : डॉ रामेश्वर

## वित्त मंत्री के साथ झारखंड पासवा की टीम ने मनाया नया साल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नव वर्ष के मौके पर झारखंड पासवा की पूरी टीम पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे एवं महासचिव फलक फातिमा के नेतृत्व में सोमवार को वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के आवास पहुंचकर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर डॉ उरांव ने पासवा की टीम को बधाई दी और केक भी काटे। पासवा वोलेंटियर्स ने वित्त मंत्री एवं पासवा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ एवं बुके देकर बधाई दी। वहीं, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने भी मोबाइल पर झारखंड पासवा को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने राज्य की जनता को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा सभी लोग सुख और शांति का जीवन व्यतीत करें। धन धान्य से परिपूर्ण हो, राज्य और देश समृद्धि शाली हो। उन्होंने कहा झारखंड की अलग पहचान रही है। इस पहचान को हम एक साथ मिलकर आगे बढ़ाएंगे, समृद्ध करेंगे। रोजगार के मामले में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा देश के हालात अच्छे नहीं है, लाखों करोड़ों युवा बेरोजगार हैं यह सच्चाई है, रोजगार के अवसर पैदा नहीं किया जा रहे हैं, चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार दोनों को मिलकर अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में रोजगार का सृजन करना होगा तभी हमारे युवाओं को रोजगार मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा सरकारी पद ज्यादा केंद्र में खाली हैं, केंद्र सरकार को इन रिक्त पदों को भरना चाहिए ताकि हमारे युवा सरकारी क्षेत्र में रोजगार पा सकें। इसी प्रकार प्राइवेट क्षेत्र में जो कल कारखाने हैं उसमें भी ड्राइव चलाकर रिक्तियां भरी जानी चाहिए,अगर ऐसे प्रयास होंगे तो बेरोजगारी की समस्या दूर हो सकती है।

पासवा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पासवा का प्रयास काफी सराहनीय रहा है। 3 वर्षों के अंदर पासवा ने छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह, शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर हजारों बच्चों एवं शिक्षकों को एक बड़े प्लेटफार्म पर सम्मानित करने का काम किया तो वहीं सामाजिक मुद्दों पर भी चाहे वह कोरोना कल में ब्लड डोनेशन कैंप हो, ट्री प्लांटेशन हो, ड्रग्स का शिकार हो रहे बच्चों के अंदर जागरूकता पैदा करना हो,तेज रफ्तार से बच्चों की रक्षा करने को लेकर जागरूकता पैदा करना हो, मोबाइल से बच्चों को दूर रखने के लिए कार्यशाला आयोजित करने को लेकर काम किया है। पासवा पूर्व प्रदेश महासचिव फलक फातिमा ने कहा नया वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में पासवा के नेतृत्व में नया मुकाम हासिल करेगा। बधाई देने वालों में जेमसा के मो.उस्मान, मेहताब अंसारी गुलाम गौश, चारुबाला कुमारी, सोनम कुमारी, शुभम कुमार,तोशी कुमारी,आसमां परवीन, विशाखा गोस्वामी, साक्षी प्रिया, प्रियांशु कुमार, राकेश कुमार, नायलान शगूफी,ललित मिश्रा, अल्ताफ अंसारी, फरहान अम्मान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मेकॉन मुख्यालय में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मेकॉन मुख्यालय के प्रांगण में सोमवार को नववर्ष मिलन समारोह-2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेकॉन के सभी निदेशकगण, वरिष्ठ कार्यपालकगण और अन्य कर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत डोरंडा के विवेकानंद चौक पर स्थित स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मेकॉन कैलेंडर-2024 का विमोचन किया गया और रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर समारोह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। मेकॉन प्रबंधन के निदेशक (वाणिज्यिक) संजय कुमार वर्मा, निदेशक (वित्त) मुकेश कुमार, निदेशक (तकनीकी) अमित राज और निदेशक (परियोजना) पीके दीक्षित ने सभी कर्मचारियों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दीं। साथ ही मेकॉन की परियोजनाओं और लक्ष्यों की जानकारी देते हुए प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों से हमेशा तैयार एवं तत्पर रहने को कहा, ताकि भविष्य की चुनौतियों का सामना करते हुए मेकॉन निरंतर आगे बढ़ता रहे।

# दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन ने आदिम जनजाति आश्रम के बच्चों के साथ बांटी खुशियां



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आदिम जनजाति आश्रम निवारणपुर के बच्चों के साथ दिव्यम फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमुद झा ने सोमवार को नव वर्ष कि खुशियां साझा की। रंजन के सहयोग से आश्रम बच्चों के लिए दोपहर में खाना का इंतजाम किया और सभी बच्चों के साथ मिलकर सदस्यों ने भी खाना खाय। इसके बाद सभी बच्चों ने उनके साथ खूब मस्ती और धमाल किया। मौके पर बच्चों के बीच कॉपी कलम भी बांटे गये। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर जो खुशियां थी उसने नया साल को हर्षोउल्लास से भर दिया।

रंजन ने बताया कि इस तरह के पुण्य कार्य करके बहुत हीअच्छा लगता है। संस्था की अध्यक्ष कुमुद झा ने बताया कि हम सभी उत्सव को ऐसे ही आश्रम या जरूरमंद लोगो के बीच मनाने का प्रयास होना चाहिए। इनके चेहरे की खुशियों को देखकर एक सुकून मिलती है। हम सभी लोगों से आग्रह करते हैं कि विशेष दिवस पर उनके बीच जायें और खुशियां बांटे, ताकि यह पल भर की खुशी यादगार बना रहे। इस कार्यक्रम में अरबिंद, विशाल, खुशी समेत कई सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभायी।

# राज अस्पताल में भी बाईपास सर्जरी की सुविधा, मरीज को मिला लाभ

### राज अर्टेमिस हार्ट सेंटर में अब तक 2000 से अधिक मरीजों की हुई एंजियोप्लास्टी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 60 वर्षीय मरीज सीने में तेज दर्द की शिकायत लेकर बीते दिन राज अस्पताल में आये थे। उनकी एंजियोग्राफी उत्तर भारत के एक अस्पताल में की गई थी, जहां डॉक्टरों ने पाया था कि वह गंभीर कैल्सीफाइड ब्लॉकेज से पीड़ित थे। इसके बाद उन्हें बाईपास सर्जरी की सलाह दी गई थी। हालांकि, मरीज का परिवार बीमारी के इलाज के लिए विकल्प तलाश रहा था। राज अस्पताल के हृदय रोग विभाग के प्रमुख चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार झा (एमडी, डीएम-कार्डियोलॉजी) ने अपने विशेषज्ञ कार्डियक टीम के साथ मरीज के सभी रिपोर्टों की समीक्षा की, और रोगी के लिए रोटाप्रो तकनीक के द्वारा एंजियोप्लास्टी का सुझाव दिया। मरीज और परिजनों की सहमति के बाद पिछले सप्ताह राज अस्पताल में यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई।

### क्या है रोटाप्रो

रोटाप्रो एक उन्नत और विशेष तकनीक है। इसमें कैल्सीफाइड ब्लॉकेज के कैल्शियम को डायमंड बर्रड्रिलिंग की मदद से तोड़ा जाता है। इस प्रक्रिया का परिणाम उत्कृष्ट है, पारंपरिक एंजियोप्लास्टी की तुलना में सफलता का दर बेहतर है, और ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में जटिलताएं भी कम है। डॉ.राजेश कुमार झा ने कहा कि पहले आमतौर पर इस तरह के मामलों में सामान्यतः रोटाब्लेशन तकनीक का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन अब राज अस्पातल, रांची में हमने रोटाप्रो तकनीक का उपयोग करना शुरू कर दिया है। यह मरीजों के लिए आसान और सुरक्षित है और इसके बेहतर परिणाम है। पूरे झारखंड में पहली बार राज अस्पातल में रोटाप्रो तकनीक द्वारा एंजियोप्लास्टी की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक किया गया है।

**500 से अधिक पेसमेकर लगाये गये :** राज अर्टेमिस हार्ट सेंटर में अब तक 2000 से अधिक एंजियोप्लास्टी और 500 अधिक पेसमेकर प्रत्यारोपण किये गए हैं। एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर इम्प्लांटेशन, वाल्वुलोप्लास्टी, जन्मजात डिवाइस क्लोजर जैसी प्रमुख हृदय प्रक्रियाएं नियमित रूप से केंद्र में की जाती हैं। राज अस्पताल, रांची के सीइओ साहिल गंभीर ने कहा कि हमें इस तथ्य पर गर्व है कि एक बार फिर, राज अस्पताल के चिकित्सक ने झारखंड राज्य में पहली बार एक अनूठी, जीवन रक्षक प्रक्रिया को अंजाम दिया है। हम राज्य में सर्वोत्तम चिकित्सा प्रौद्योगिकी और प्रगति लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और झारखंड के लोगों की सेवा करने का प्रयास करते रहेंगे।

# बिपिन सिंह बने भारत रक्षा मंच के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष



**रांची।** समाजसेवी बिपिन सिंह को भारत रक्षा मंच का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। भारत रक्षा मंच के प्रदेश संयोजक श्याम किशोर सिंह के निर्देश पर ये नियुक्ति की गयी। यह मंच राष्ट्रीय स्तर पर एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र के उद्देश्य के लिए कार्य करता है। इसके संरक्षक केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी हैं। हटिया में आयोजित एक समारोह में उन्हें मंच का प्रदेश अध्यक्ष बनाने का पत्र सौंपा गया। मौके पर बिपिन सिंह ने कहा कि यह मंच लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि वह पहले से ही झारखंड के लोगों की सेवा करते आए हैं, चाहे कोरोना काल हो या किसी की कभी भी मदद करना, वह हमेशा तैयार रहते हैं। कार्यकाल के दौरान पद का व्यक्तिगत और राजनीतिक उपयोग, अनुशासनहीनता या किसी भी तौर पर संगठन की नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। मौके पर योगेश सिंह,भारत रक्षा मंच के प्रदेश संरक्षक रतन शर्मा, एवीएन ओपी सिंह, विनोद विनायक, विनित, राकेश, धर्मेंद्र , मनोज व अन्य उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### नूतन वर्ष पर बालाजी मंदिर में श्रद्धालुओं ने की मंगल प्रार्थना

**रांची।** सोमवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में अंग्रेजी नववर्ष के उपलक्ष्य पर भगवान श्रीमन्नारायण का उद्यास्तमन सेवा हुआ। प्रातः 4. 30 बजे अखिलाण्ड का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम , वेंकटेश प्रपत्ति के बाद षोडषोपचार विधि से तिरुवाराधन हुआ । फिर सुवाश्रय उपननिषद और वेदध्वनियों के उच्चारण पूर्वक हुआ महाभिषेक । दूध,दही, हल्दी, चंदन, शहद, नारियल पानी और गंगाजल से सहस्त्र धारा कलश धारा, शंख धारा और चक्रधारा के उपचार पूर्वक मूलमूर्ति श्रीनिवास, उत्सवमूर्ति, लक्ष्मी, श्रीभूमि देवी लक्ष्मी, सुदर्शन भगवान और सठकोप भगवान का क्रमानुसार महाभिषेक किया गया। तदन्तर भगवान को वस्त्राभूषण से अलंकृत करके पुष्पमालाओं से भव्य श्रृंगार हुआ । पोंगल चटनी खीर फल और मेवे का बालभोग नैवेद्य चढ़ा। फिर महाआरती के बाद स्तुति की गई। आज के उद्यास्तमन सेवा सहित महाभिषेक के यजमान अरूण कुमार व अनुराधा सिन्हा थे । नव वर्ष के उपलक्ष पर पूरे मंदिर को भांति भांति के पुष्पा लता पता से सजाया गया । दिन भर के पूजा अर्चना को अर्चक सत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर कराया। राम अवतार नारसरिया, नारायण प्रसाद जालान, प्रदीप नारसरिया, रमेश धरनीधरका, विनय धरनीधरका, जगमोहन नारसरिया, अनूप अग्रवाल, अनीश अग्रवाल, रंजन सिंह, सुशील लोहिया के अतिरिक्त सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था के सागर में गोता लगाया।

### रांची विश्वविद्यालय क्रिकेट चयन प्रशिक्षण 4 को

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम के गठन के लिए खिलाड़ियों का चयन परीक्षण आगामी चार जनवरी को आयोजित किया जायेगा। चयन परीक्षण सुबह 10:00 बजे से शाखा मैदान में आयोजित किए जाएंगे। पिछले दिन आयोजित लोहरदगा में अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को बुलाया जाएगा। इसके अलावा जो कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता मे भाग नहीं लिये थे। उस कॉलेज के दो-दो खिलाड़ी इस चयन प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। दैनिक खिलाड़ियों की सूची कॉलेज में भेज दी जाएगी।

### लेफ्ट बंडल पेसिंग से पारस एचइसी अस्पताल ने मरीज की बचायी जान



**रांची।** एक 59 वर्षीय सज्जन को अचानक बेहोशी हुई। उनके परिजनों ने उन्हें रांची स्थित पारस एचइसी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। पारस एचईसी अस्पताल के डॉ कुंवर अभिषेक आर्य ने मरीज की जाँच में पाया कि मरीज के हृदय में कंडक्शन ब्लॉकेज है, जिसके लिये पेसमेकर की आवश्यकता है। डॉ अभिषेक ने मरीज के परिजनों को प्राकृतिक ( लेफ्ट बंडल पेसिंग) बनाम गैर-प्राकृतिक पेसिंग के बारे में बताया और उन्हें दोनों विकल्पों में से एक को चुनने की सलाह दी। मरीज के परिजनों ने डॉ अभिषेक आर्य की सलाह के अनुसार प्राकृतिक पेसिंग का विकल्प चुना और रजामंदी दी। पारस एचईसी अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक आर्य का कहना है कि वर्तमान समय में लेफ्ट बंडल पेसिंग हृदय के लिए पेसिंग का सबसे उन्नत तकनीक होने के साथ-साथ किफायती और मरीज के लिए लाभदायक है। सामान्य पेसमेकर के साथ कई समस्या देखी गई है जैसे- गति प्रेरित कार्डियोमापैथी, दिल की विफलता के कारण अस्पताल में भर्ती होना,एएफ, एवी और वीवी डिससिंक्रोनी की घटनाओं में वृद्धि आदि, लेकिन प्राकृतिक पेसिंग के साथ ऐसी कोई भी समस्या नहीं होती है। पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश का कहना है कि आजकल दिल की बीमारी की समस्या बढ़ गई है। आहार में शुद्धता की कमी और प्रदूषित वातावरण के कारण ज्यादातर लोग हृदय रोग का शिकार हो रहे हैं। पारस अस्पताल परिवार हृदय रोगियों के लिए उन्नत तकनीक के माध्यम से किफायती इलाज की सुविधा दे रही है। अब पेसमेकर के लिए लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी।

### श्री डोरंडा बाजार काली पूजा समिति ने निराश्रित बच्चों के लिए आयोजित किया पिकनिक



**रांची।** श्री डोरंडा बाजार काली पूजा समिति, डोरंडा द्वारा नए वर्ष के अवसर पर आदिम जाति सेवा मंडल द्वारा संचालित निराश्रित बच्चों के आश्रम मे पिकनिक का आयोजन किया गया। समिति के मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष समिति द्वारा नए वर्ष के अवसर निवारण पुर स्थित आश्रम में निराश्रित बच्चों के लिए पिकनिक का आयोजन किया जाता है। बच्चों के लिए सुबह का नाश्ता व दिन के भोजन का प्रबंध समिति द्वारा किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राजू चौरसिया सचिव जयदेव घोष के अलावे निर्मल गुप्ता प्रकाश वर्मा, विवेक सहाय, सुनील सिन्हा, प्रदीप घोष ,डोरंडा मंडल भाजपा के अध्यक्ष पप्पू वर्मा,प्रकाश मामा, राजेश, राहुल ,शंकर सहित समिति के अन्य सदस्य मौजदू थे।

### समाजसेवी ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**रांची।** पिठौरिया थाना क्षेत्र के चंदवे स्थित चतुर चौक के पास बढ़ते ठंड और कुहासा को देखते हुए समाजसेवी रीना देवी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे। वह अपने स्तर से विधवा, गरीब, असहाय, विकलांग व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस ठंड में गरीबों, असहायों को वस्त्र देना सबसे पुण्य का कार्य है। इस तरह का पुण्य कार्य में सक्षम लोगो को सहयोग करना चाहिए, ताकि समाज के जरूरतमंदों को इसका लाभ मिले। इस दौरान रवि साहु, सतीश साहू, शंकर साहू, सुरेखा देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# कृत्रिम संकट का डर

दरअसल, जब भी कोई महामारी या अन्य प्राकृतिक आपदा सामने आती है तो आपूर्ति का एक कृत्रिम संकट पैदा हो जाता है। फिलहाल भी कई औद्योगिक इकाइयों ने थोक में खरीददारी शुरू कर दी। निस्संदेह, इससे जमाखोरी को बढ़ावा मिलेगा। मुसीबत में अवसर तलाशने वाले लोग कोरोना संकट की दूसरी लहर में बेनकाब हुए थे। तब चंद निमार्ताओं और बिचौलियों ने मौके का चौका लगाया था। यहां तक कि जीवन रक्षक इंजेक्शन भी नकली बाजार में उतार दिये गये थे। अभी उद्योगपतियों की सोच है कि बाजार में जो भी दवा निर्माण में काम आने वाली सामग्री उपलब्ध हो खरीद लो। चीन में संक्रमण बढ़ने की खबरों के बीच दवा निर्माण में उपयोग होने वाले कई सामानों के दामों में पहले ही पंद्रह से बीस फीसदी तक की वृद्धि हो चुकी है। लेकिन इस मारामारी का सबसे घातक असर उन मरीजों पर पड़ेगा जो तमाम तरह के असाध्य रोगों से जूझ रहे हैं। वे सरकार व तंत्र से राहत की उम्मीद करते हैं। लेकिन समाज में जमाखोर व मुनाफाखोर लोग संकट का मौका पाते ही मरीजों को मूंडने का उपक्रम शुरू कर देते हैं। देश में महंगे इलाज के चलते हर साल लाखों लोग फंस जाते हैं। हालांकि, चीन पर दवाओं में इस्तेमाल होने वाले कच्चे सामान की निर्भरता कम करने के मकसद से बड़ी संख्या में ड्रग पार्कों के निर्माण को मंजूरी दी है, लेकिन दवाओं के निर्माण में काम आने वाली सामग्री के उत्पादन में कम से दो-तीन साल लग सकते हैं। तमाम भारतीय एपीआई उत्पादकों ने उत्पादन प्रोत्साहन योजना में निवेश किया था। जिसके चलते अब 53 प्रमुख एपीआई में से 35 का निर्माण देश में ही किया जा रहा है। जिसका लगभग नब्बे फीसदी हिस्सा बाहर से आयात किया जाता था। संस्था एपीआई और अन्य प्रमुख सामग्रियों की तत्काल कमी से इनकार कर रही है।

# प्रभावित निर्यात

भारत का निर्यात भले ही वित्त वर्ष 2021-22 में 422 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गया हो, लेकिन प्रमुख पश्चिमी बाजारों में मंदी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भू-राजनीतिक संकट की छाया अगले साल यानी 2023 में देश के निर्यात को प्रभावित कर सकती है। राजनीतिक स्थिरता, माल की आवाजाही, कंटेनरों और शिपिंग लाइनों की पर्याप्त उपलब्धता, मांग, स्थिर मुद्रा और सुचारू बैंकिंग प्रणाली जैसे सभी वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने वाले कारक अब बिखर रहे हैं। संकट को बढ़ाते हुए, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका जैसे देशों में कोविड महामारी के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। इससे पहले कि कोविड-प्रभावित वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट से बाहर आ पाती, फरवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रकोप ने दुनियाभर में आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से बाधित कर दिया और वैश्विक वस्तुओं की कीमतों को बढ़ा दिया। युद्ध ने महत्वपूर्ण काला सागर मार्ग से माल की आवाजाही को भी प्रभावित किया। वर्ष 2023 में वैश्विक व्यापार में केवल एक फीसदी की वृद्धि होगी। जिनेवा स्थित बहुपक्षीय व्यापार निकाय ने कहा है कि विश्व व्यापार में वर्ष 2022 की दूसरी छमाही में गति कम होने और वर्ष 2023 में कमजोर रहने की उम्मीद है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कई झटके लगे हैं। इसने कहा, डब्ल्यूटीओ के अर्थशास्त्री अब भविष्यवाणी करते हैं कि वर्ष 2022 में वैश्विक व्यापारिक व्यापार की मात्रा 3.5 फीसदी बढ़ेगी झ्र जो अप्रैल में तीन फीसदी पूवार्नुमान से थोड़ा बेहतर है। हालांकि, वर्ष 2023 के लिए वे एक फीसदी की ही वृद्धि होने की उम्मीद व्यक्त करते हैं जो 3.4 फीसदी के पिछले अनुमान से काफी कम है। इन घटनाक्रमों के बीच भारत के लिए खुद को इन काली घटाओं से बचाना मुश्किल होगा।

# कैसे कोई बनता है मेसी या एम्बाप्पे

**खेल** का मैदान किस तरह से देश की सीमाओं से लेकर वर्गभेद मिटा देता है, यह सारी दुनिया ने बीते रविवार को देखा । फीफा विश्व कप के फाइनल को देखने का भारत से लेकर दुनिया के कोने-कोने में रहने वाले खेल प्रेमी इंतजार कर रहे थे। जाहिर है कि जो फाइनल मैच को देख रहे थे, उनमें से अधिकतर का संबंध न तो फ्रांस से था और न ही अर्जेंटीना से। पर इन दोनों देशों के खिलाड़ियों ने अपने श्रेष्ठ खेल और खेल भावना से सबका दिल जीता।

खेल देशों-दुनिया को जोड़ता है। एक सूत्र में पिरोता है। हमने कब मोहम्मद अली, पेले, माराडोना, लारा, रोजर फेडरर या उसेन बोल्ट को अपना नहीं माना। इसी तरह से हमारे सफल खिलाड़ियों जैसे दादा ध्यानचंद, मिल्खा सिंह, विश्वनाथन आनंद को देश और देश से बाहर खेल प्रेमियों का भरपूर प्यार मिलता रहा। कुछ समय पहले महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने टेनिस की दुनिया से संन्यास लिया था। तब सारी दुनिया के खेल प्रेमी उनके चमत्कारी करियर को याद कर रहे थे। उनमें भारतीय भी तो कोई कम नहीं थे।

कोई खिलाड़ी मेसी, एम्बाप्पे, रोजर फेडरर, डिएगो माराडोना, मोहम्मद अली या कपिल देव कैसे बन जाता है? इस सवाल का उत्तर तलाश करने के लिए बहुत मेहनत करने की जरूरत नहीं है। सभी खिलाड़ी मेहनत करते हैं। पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी सब महान नहीं कहे जाते। वे ही महान माने जाते हैं जो बिग मैच प्लेयर होते थे। वे बड़े और अहम मैचों में छा जाते थे। तब उनका जलवा देखते ही बनता था। बड़े खिलाड़ी का यही सबसे बड़ा गुण होता है कि वे खास मैचों या विपरीत हालात में छा जाते हैं। मेसी तथा किलियन एम्बाप्पे ने फीफा कप के फाइनल मैच में लाजवाब खेल का प्रदर्शन किया। मेसी और एम्बाप्पे ने कुल जमा तीन और चार गोल किए। ये गुण होता है कि किसी बड़े खिलाड़ी में जो उसे महान बनाता है। मतलब जब टीम को आपकी सर्वाधिक जरूरत होती है तब ही आप अपने जौहर दिखाते हैं। कई बेहतरीन खिलाड़ी कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने जौहर नहीं दिखा पाते थे। लेकिन, ये फाइनल या अन्य खास मैचों के समय अपने जलवे बिखरते हैं।

मेसी और एम्बाप्पे जैसे खिलाड़ी विश्व नागरिक बन चुके हैं। उन्हें सारी दुनिया प्यार करती थी। बड़े प्लेयर के साथ यही होता है। वह सबका होता है और सब उसके होते हैं। अब धावक उसेन बोल्ट को लें। उन्हें भारत में उतना ही अपना माना जाता है जितना किसी अन्य देश में। वैसे वे हैं तो जमैका से । रोजर फेडरर दिसंबर, 2015 में दिल्ली में कुछ प्रदर्शनी मैच खेलने आए थे। भारत के टेनिस के शैदाइयों को लीजैंड बन चुके रोजर फेडरर को साक्षात देखने का मौका मिल रहा था। रोजर फेडरर को खेलते हुए देखकर दर्शक झूम रहे थे। फेडरर बार-बार दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए हाथ हिला रहे थे। हार्ड, क्ले और ग्रास तीनों कोर्ट में एक जैसा शानदार प्रदर्शन करने वाले फेडरर जब कोर्ट में उतरे तो फिटनेस का चरम लग रहे थे। उनके चेहरे पर एक सुपर स्टार वाली गरिमा को देखा जा सकता था।


मुझे याद आ रही है 1976 की गणतंत्र दिवस की वह परेड। तब वहां पर महानतम मुक्केबाज मोहम्मद अली आए थे। उस समय इमरजेंसी का दौर चल रहा था। परेड शुरू होने में कुछ पल शेष थे। तब ही लाउड स्पीकर से घोषणा हुई कि विश्व हैवीवेट मुक्केबाज चैंपियन मोहम्मद अली राजपथ पर पधार रहे हैं। यह जानकार राजपथ पर मौजूद हजारों लोग प्रसन्न हो गए थे। मोहम्मद अली तब अपने करियर के शिखर पर थे। वे विश्व नायक थे। वे परेड शुरू होने से पहले राजपथ पर आ गए थे। उनके चाहने वाले उनका नाम लेकर उनका अभिवादन कर रहे थे। लंबे-ऊंचे कद के मोहम्मद अली जवाब में अपने मुक्के को हवा में घुमा रहे थे। मोहम्मद अली देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ बैठे थे। दुर्भाग्य से वह दौर सेल्फी का नहीं था।

बहरहाल, लियोनेल मेसी का विश्व विजेता बनने का सपना आखिरकार पूरा हो गया। 2014 में खिताब चूकने वाले मेसी की टीम ने फीफा वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे रोमांचक फाइनल में फ्रांस को फुल टाइम में 3-3 से स्कोर बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया। यह अर्जेंटीना का तीसरा खिताब है। इससे पहले उसने 1978 और 1986 में ट्रॉफी अपने नाम की थी। पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना के गोलकीपर मार्टिनेज ने कमाल कर दिया। उन्होंने दो मौके बचाए और मेसी का सपना पूरा कर दिया। इसके साथ ही मेसी का नाम माराडोना के साथ सुनहरे अक्षरों में लिख दिया गया है।

भारत को भी मेसी, एम्बाप्पे, फेडरर और नीरज चोपड़ा जैसे सैकड़ों विश्वास से लबरेज खिलाड़ियों की दरकार है। अभी तो बस शुरूआत है। किसी भी देश का विकास इस बात से साबित होता है कि उधर खेलों की दुनिया में किस तरह की उपलब्धियां अर्जित की जा रही हैं। भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम का भी इस साल इतिहास रचना। आप जानते हैं कि भारत ने थामस कप के फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 के अंतर से हराकर ये उपलब्धि हासिल की। लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी ने भारत को थामस कप जितवाया। इसे बैडमिंटन की विश्व चैंपियनशिप माना जाता है। थामस कप में विजय से पहले भारत के बैडमिंटन सेंसेशन लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए थे। और बात भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन की भी। वह इस्तांबुल में महिला विश्व चैंपियनशिप के फ्लाइवेट (52 किग्रा) वर्ग के एकतरफा फाइनल में थाईलैंड की जिटपोंग जुटामस को 5-0 से हराकर विश्व चैंपियन बनीं। तेलंगाना की मुक्केबाज जरीन ने पूरे टूनार्मेंट के दौरान प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाए रखा और फाइनल में थाईलैंड की खिलाड़ी को सर्वसम्मत फैसले से हराया।

छह बार की चैंपियन एमसी मैरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006) और लेखा केसी इससे पहले विश्व खिताब जीत चुकी हैं।





-आरके सिन्हा

> कोई खिलाड़ी मेसी, एम्बाप्पे, रोजर फेडरर, डिएगो माराडोना, मोहम्मद अली या कपिल देव कैसे बन जाता है? इस सवाल का उत्तर तलाश करने के लिए बहुत मेहनत करने की जरूरत नहीं है। सभी खिलाड़ी मेहनत करते हैं। पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी सब महान नहीं कहे जाते। वे ही महान माने जाते हैं जो बिग मैच प्लेयर होते थे। वे बड़े और अहम मैचों में छा जाते थे।

## खास बात

# एआई का युग

**माइक्रोसॉफ्ट** के सह-संस्थापक अरबपति बिल गेट्स ने कहा कि 'आगे की राह 2024 में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंचती है' शीर्षक से एक ब्लॉग पोस्ट में उन्होंने कहा कि हम एआइ को और अधिक न्यायसंगत बनाने के तरीके के बारे में वैश्विक स्वास्थ्य से बहुत कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने लिखा, मुख्य सबक यह है कि उत्पाद को उन लोगों के अनुरूप बनाया जाना चाहिए जो इसका उपयोग करेंगे।एआई उपकरण उस प्रक्रिया को काफी तेज कर सकते हैं।कुछ कंपनियाँ पहले से ही इस तरह से विकसित कैंसर दवाओं पर काम कर रही हैं।

क्या एआई एंटीबायोटिक प्रतिरोध का तोड़ खोज सकता है?

घाना में ऑरम इंस्टीट्यूट के नाना कोफी क्वाकी एक एआई-संचालित उपकरण पर काम कर रहे हैं जो स्वास्थ्य कार्यकताओं को रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) में योगदान किए बिना एंटीबायोटिक्स लिखने में मदद करता है।

गेट्स ने बताया,यह उपकरण सभी उपलब्ध सूचनाओं की जांच करेगा - जिसमें स्थानीय नैदानिक दिशानिर्देश और स्वास्थ्य निगरानी डेटा शामिल हैं, जिनके बारे में क्षेत्र में रोगजनकों के प्रतिरोध विकसित होने का खतरा है - और सबसे अच्छी दवा, खुराक और अवधि के लिए सुझाव देगा।

इस सवाल के जवाब की तलाश में कि क्या एआई उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के इलाज में मदद कर सकता है, गेट्स ने इस साल गैर-लाभकारी संस्था अरमान के कुछ शोधकताओं से मुलाकात की, जो भारत में नई माताओं के लिए बाधाओं को कम करने के लिए एआई का उपयोग करने की उम्मीद करते हैं।

उन्होंने कहा, उनका लार्ज लैंग्वेज मॉडल एक दिन उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था का इलाज करने वाले स्वास्थ्य कार्यकताओं के लिए को पायलट के रूप में कार्य करेगा। इसका उपयोग अंग्रेजी और तेलुगु दोनों में किया जा सकता है, और सबसे अच्छी बात यह है कि यह स्वचालित रूप से इसका उपयोग करने वाले व्यक्ति के अनुभव स्तर के अनुसार समायोजित हो जाता है - चाहे आप एक नई नर्स हों या दशकों के अनुभव वाली दाई।

# सुदर्शन दिन

## विचार-प्रवाह

**अनादि वत्स**

**यह** तो नहीं पता कि उन छह दिनों ने मेरी जिंदगी में कितने बदलाव किए, लेकिन कुछ ऐसे अहसास जरूर कराए, जो शब्दों से परे हैं। अब तक की ज़िंदगी के सबसे खूबसूरत छह दिन, वो छह दिन जब मैंने अपने भीतर न जाने कब से दबे हुए कचरे को आंसुओं के जरिये बाहर निकलते महसूस किया, मन को पूरी तरह खाली हो जाते देखा, शरीर में हल्कापन पाया और सांसों की एक नई लय सुनी। छह दिनों के दौरान कोई मुश्किल नहीं, बंदिशों के नाम पर सिर्फ चाय/कॉफी और शराब से परहेज और अपेक्षा के नाम पर रोजाना महज तीन घंटे।

बात आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा संचालित सुदर्शन क्रिया की हो रही है। 2003 में एक नजदीकी रिश्तेदार ने सुझाया कि मुझे आर्ट ऑफ लिविंग का बेसिक कोर्स करना चाहिए, जिसमें योग और अध्यात्म के जरिये जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। गुरुओं में तब कोई भरोसा न था, इसलिए मैंने रिश्तेदार की बात अनसुनी कर दी। लेकिन अचानक एक रात लगा कि चलो, करके देखते हैं।

तब बेसिक कोर्स छह दिन का होता था, मंगलवार से रविवार तक। मंगलवार से शनिवार तीन घंटे और रविवार को करीब छह घंटे। सुदर्शन क्रिया इसी कोर्स का हिस्सा है। खैर, एक मंगलवार बिना किसी पूर्वाग्रह के मैं दोपहर बाद 3 बजे आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर पहुंच गया। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कुछ बेसिक बातें और नियम बताए गए।

हमारी एंट्री एक हॉल में हुई, जहां आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर का एक फोटो लगा था और उसके पास एक शख्स बैठे थे।

**राज्यों** को कानून बनाने का अधिकार है, पर कानून से रोजगार नही मिलता, ना ही उत्पन्न होता है। देख - देखी झारखंड में भी स्थानीयता कानून लागू कर दिया। अधिकारी इंस्पेक्शन पर निकल पड़े, पर भूल गए की हम कामगारों का आयात नहीं निर्यात करते हैं।

**– महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

## आपके ट्वीट

**श्रमिक** प्रधान राज्य से बाहर निकालना है झारखण्ड को। रिक्तियों को पूरा कर श्रमिकों का कल्याण करना लक्ष्य है। आइटीआई में बच्चों को मांग के अनुरूप प्रशिक्षण दें।

**– हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड**





**मोदी** सरकार गरीबों के मौलिक अधिकार छीन रही है।

ये मानवता के विरुद्ध अपराध है।

देश के बेहतर भविष्य के लिए हमें हर वर्ग के अधिकारों का सम्मान करना ही होगा।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### मंशा पर संदेह

**केंद्र** सरकार के कृषि सुधार कानून लागू करने के प्रयासों और किसानों के विरोध की असलियत बताने वाला था। इस बात से सहमत हुआ जा सकता है कि भले ही केंद्र सरकार की मंशा भली हो लेकिन जिस तरह आनन-फानन में इन कानूनों को अध्यादेश के जरिये कोरोना संकट के दौरान लाया गया और जिस तरह राज्यसभा में पारित किया गया, उसने कई सवाल खड़े किये। **– मधुसूदन जमशेदपुर**

### अंधकारमय भविष्य

**खोखली** हुई कांग्रेस का पतन भी तय है। नेहरू आदि कुछ नेताओं का आचरण देखकर महात्मा गांधी को कांग्रेस के पतन का अहसास हो गया था। इसीलिए महात्मा गांधी ने विचार रखा था कि कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। कांग्रेस की वर्तमान दुर्दशा देखकर गांधी जी की इच्छा पूर्ण होती प्रतीत हो रही है। कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। कांग्रेस का संभलना देश हित में है।

**– अनिल शर्मा, रांची**

# अवसादग्रस्त लोगों को दिखानी होगी राह



**प्रशांत झा**

## युवा

**जीवन** से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। कोरोना काल में लोगों में हताशा और निराशा ज्यादा बढ़ी है, जिससे आत्महत्याओं का प्रतिशत भी लगातार बढ़ रहा है।

राजस्थान के कोटा में एक ही दिन एक कोचिंग संस्थान के तीन छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटना तो स्तब्ध करने वाली है। शुरूआती जांच में सामने आया कि तीनों छात्र पढ़ाई के दबाव के कारण डिप्रेशन में थे और कुछ दिनों से कोचिंग कक्षाएं भी नहीं ले रहे थे। वैसे, कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का यह कोई पहला मामला नहीं है बल्कि एक वर्ष के भीतर यहां करीब 20 छात्र मौत को गले लगा चुके हैं। देश के युवा वर्ग और खासकर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा तथा कैरियर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा के चलते छात्रों पर पढ़ाई का बढ़ता अनावश्यक दबाव इसका सबसे बड़ा कारण है। दरअसल कई बच्चे इस दबाव को झेल नहीं पाते, जिसके चलते उनमें अवसाद पनपता है और कुछ मामलों में यही बढ़ता अवसाद आत्महत्या का कारण बन जाता है। मनोचिकित्सकों के मुताबिक इंसान को कोरोना ने शारीरिक रूप से जितना बीमार किया है, उससे कहीं ज्यादा मानसिक तनाव दिया है। छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। केवल छात्रों तक सीमित नहीं है बल्कि देश में आत्महत्या के मामलों में जिस प्रकार साल दर साल उछाल आ रहा है, वह पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का कारण बन रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं। इनमें बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। कुछ ही महीने पहले राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2021 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर ह्यभारत में आकस्मिक मौतें एवं आत्महत्याएं-2021 रिपोर्ट जारी की थी, जिसके मुताबिक 2021 में देश में 164033 लोगों ने आत्महत्या की। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव, पारिवारिक क्लेश, रिश्तों में टूटन तथा बीमारी से परेशानी सहित कई अन्य कारणों के चलते देश में 2021 में आत्महत्याएं 2020 के मुकाबले करीब 7.2 फीसदी बढ़ गई।

तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं।

(ब्रदर्स एकेडमी रांची)

# संकट में आ सकता है देश का बिजली क्षेत्र

**वीणा मणि**

## आर्थिक

**बिजली** क्षेत्र में 80,000 मेगावॉट क्षमता के चल रहे या निमार्णाधीन उत्पादन संयंत्र विभिन्न वजहों से दबाव में आ सकते हैं। पिछले महीने आई भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना के बाद उनकी उधारी दिवालियेपन की ओर बढ़ सकती है। बहरहाल विश्लेषक बिजली क्षेत्र की अलग प्रवृत्ति को लेकर चिंतित हैं, जो स्टील क्षेत्र की तुलना में अलग है। अगर बिजली क्षेत्र में यह संपत्तियां फंसती हैं तो बड़े कारोबारियों के आने की संभावना कम हो सकती है।

कोयले की आपूर्ति कम होने, दीर्घावधि बिजली खरीद समझौते (पीपीए) न होने, बिजली वितरण कंपनियों से प्राप्त होने वाले बकाये के मिलने में देरी और नियामकीय आदेश में देरी ऐसी वजहें हैं जिससे ये परियोजनाएं फंस सकती हैं और नया प्रबंधन स्थिति में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं कर सकता। 80,000 मेगावॉट में से 20,000 मेगावॉट से ज्यादा क्षमता के लिए करीब 1,000 अरब रुपये का निवेश हुआ है और जरूरी ईंधन आपूर्ति समझौते के साथ दीर्घावधि पीपीए हुआ है, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी वजहों से कर्जदाताओं का बकाया है।

स्टील क्षेत्र में तहां दबाव में पड़ी संपत्तियों में निजी इक्विटी कंपनियां और प्रतिस्पर्धी कंपनियां जैसे जेएसडब्ल्यू, आर्सेलर मित्तल, वेदांता और टाटा स्टील बोली लगा रही हैं, वहीं बिजली क्षेत्र में ज्यादातर निजी कंपनियां दबाव में हैं। दिवालिया समाधान प्रक्रिया से गुजर रही बिजली कंपनियों में से एक के साथ काम कर रहे इंसॉल्वेंसी के एक पेशेवर ने क हा कि परियोजना पूरी करने की लागत इतनी ज्यादा है कि कोई भी इन संपत्तियों में हाथ नहीं लगाना चाहता। यहां तक कि इन कंपनियों के प्रवर्तक भी संभवतः पिछले साल के अध्यादेश की बाध्यता के चलते बोली नहीं लगा सकेंगे, जिसमें खराब कर्ज वाले प्रमोटरों को बोली से बाहर रखा गया है।

स्टील क्षेत्र में बोली लगा रही हर कंपनी अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए बोली लगा रही है और उसे मांग बढ? की संभावना है। बिजली और स्टील दोनों ही क्षेत्रों में मांग में बढ़ोतरी कम रही है, लेकिन बिजली क्षेत्र की समस्या ज्यादा जटिल है क्योंकि यह राज्य सरकारों से जुड़ी है और नियमन के दायरे में आती है।

वीसा पावर, जिसका कुल दावा करीब 17 अरब रुपये का है, के मामले को देख रहे एक सूत्र ने कहा कि दीवालिया पेशेवर सलाहकारों को यह जांच करने में लगा रहे हैं कि लंबित परियोजनाएं पूरी की जा सकती हैं या नहीं। हर हाल में व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। इसके अलावा आईपी कंपनी को चलाने की योजना पर काम करेंगे और बोली का दायरा भी तैयार किया जाएगा। दिलचस्प है कि समाधान प्रक्रिया में चल रही बिजली कंपनियों में सरकारी कंपनी तेलंगाना स्टेट नॉर्दर्न पावर कंपनी लिमिटेड शामिल है। इसकी समाधान प्रक्रिया जनवरी 2018 में शुरू हुई।

स्टील क्षेत्र में प्रमोटर अपनी संपत्ति की बिक्री को लेकर निश्चिंत हैं और जब तक अध्यादेश उन्हें रोकता नहीं है, वे अपनी कंपनी के लिए बोली लगा सकते हैं, वहीं करीब 25,000 मेगावॉट क्षमता की संकटग्रस्त ताप बिजली कंपनियां दिवाला एवं दीवालियापन संहिता (आईबीसी) के दायरे से बाहर हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड ने हाल ही में खबर प्रकाशित की थी कि इन संपत्तियों के खरीदार नहीं मिल रहे हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पिकनिक मनाने के लिये उमड़ा जन-सैलाब

## कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल क्षेत्र के लोगों ने नववर्ष 2024 का जमकर उठाया लुत्फ

लजीज व्यंजनों का लिया आनंद, एक-दूसरे के गले मिल दी नये साल की बधाई

डीजे के धून पर थिरके लोग, खाने-खिलाने व पीने-पिलाने का देर रात तक चला दौर



पिकनिक मनाते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नववर्ष 2024 के आगमन को लेकर कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को पिकनिक की धूम रही। पिकनिक में लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों के साथ मनोहारी नृत्य और संगीत का जमकर आनंद लिया। मालूम हो कि पतरातू डैम की पहचान एक प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट के रूप में की जाती है। यहां जलाशय बाहें फैलाए सैलानियों का इंतजार करते रहती है। प्रत्येक नये वर्ष के अवसर पर इस जलाशय पर पिकनिक मनाने के लिए सैंकड़ों लोग आया करते हैं। छुट्टियों और नये वर्ष के अवसर पर हजारों की संख्या में सैलानी पतरातू डैम पहुंचकर अपनी थकावट को दूर करने के साथ-साथ हसीन वादियों के बीच पिकनिक मानने का लुत्फ उठाते हैं। इधर रविवार पहली जनवरी को भी पतरातू डैम में रामगढ़, रांची, भुरकुंडा, गिद्दी, रेलीगढ़ा, उरीमारी, सेंट्रल सौंदा, सौंदा डी, रीवर साईड, चिकोर, पाली, निम्मी, सुद्दी, देवरिया, मतकमा, जवाहर नगर, पगला आश्रम, लपंगा, चैनगडा, बरकाकाना, भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों लोग नववर्ष 2024 के आगमन के अवसर पिकनिक में लजीज व्यंजनो का जमकर लुत्फ उठाया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिल नववर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं आईएजी डैम, दोमुहानी, बलकुदरा पोखरिया, रीवर साईड दामोदर नदी तट सहित अन्य क्षेत्रों के नदी और तालाबों में लोगों ने नववर्ष का जमकर लुत्फ उठाया।

**पिकनिक मौज-मस्ती करने व बेहतरिंग यादों को संजोने अवसर देता है : पिन्कू सिन्हा :** जवाहरनगर भुरकुंडा निवासी सह सीसीएल खनन विभाग के राजीव रंजन सिन्हा उर्फ पिन्कू सिन्हा कहते हैं कि पिकनिक मौज-मस्ती करने का बेहतर जरिया होता है। उन्होंने कहा कि पिकनिक के दौरान लोग एक दूसरे के साथ सुख और दुख साझा करते हैं साथ ही एक अलग ही दुनिया में चले जाते हैं, जहां सिर्फ मौज-मस्ती व खाने-खिलाने का दौर चलता है। इससे मन आनंदित और प्रफुल्लित होकर आत्मसंतुष्टि से ओत-प्रोत हो जाता है। श्री सिन्हा ने कहा कि पिकनिक दोस्तों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर भी देता है। पिकनिक के जरिए आपसी भाईचारगी तो प्रगाढ़ होती ही है मन आनंदित एवं फ्रेसटेशन कम हाने के साथ-साथ कई बेहतरिंग यादों को संजोने का भी मौका मिलता है।

# नव वर्ष के अवसर पर लोगों ने मनाया वन भोज




वन भोज में शामिल लोग

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो कारीझरना चट्टान धाम टाटीझरिया और दारू प्रखंड के सीमावर्ती सिवाने नदी खैरा पंचायत के सीझुआ झरना , डहरभंगा पंचायत के बौधा डैम भराजों पंचायत के सीता बागी डूमर धर्मपुर बेड़म टाटीझरिया आठों पंचायत के कई गांवों में क्षेत्रवासी सैलानियों ने पर्यटक स्थलों में जाकर (पिकनिक) वनभोज अंग्रेजी के नव वर्ष 2024 के अवसर पर विभिन्न भोजन व्यंजन का स्वाद लुत्फ उठाकर अपने परिजनों संग नव वर्ष मनाया । लोग डीजे साउंड के गानों पर खूब नाचते थिरकते देखे गए। वही बता दे की लोग एक दूसरे को गले लगाकर अंग्रेजी में हैप्पी न्यू इयर 2024 एवं नव वर्ष की शुभकानाएं देकर बधाई दिया। टाटीझरिया पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था को बनाने के लिए टाटीझरिया थाना क्षेत्र में तैनात थे। सिवाने नदी पर्यटक स्थल में वनभोज के दौरान रवि यादव ,केदार गौरव,रोहित माली ,टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्नवाल, राहुल पंडा,रामबिलास शर्मा,विनय कुमार ,पिंटू कुमार ,संजय प्रसाद, संतन सोनी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# नववर्ष पर गुलजार रहा ब्रिगेडियर पुरी पार्क


नववर्ष को लेकर पार्क में पहुंचे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** नववर्ष को लेकर जिलाभर में सोमवार को लोगों में उत्साह का माहौल दिखा। इस मौके पर लोगों ने अपने अपने तरीके से नववर्ष का स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने परिजनों के साथ मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना कर नववर्ष पर खुशहाली की कामना की। वहीं, जिला के प्रमुख पिकनिक स्थलों पर लोग सोमवार को अहले सुबह पहुंचे और अपने परिजनों के साथ पिकनिक मनाकर नववर्ष का लुत्फ उठाया। इधर, ब्रिगेडियर पुरी पार्क में नववर्ष को लेकर सोमवार को लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

पार्क में पहुंचे लोग एक दूसरे के साथ सेल्फी लेते दिखे। वहीं, बच्चे पार्क में झुला झूलने में व्यस्त नजर आए।

# सीमा सुरक्षा बल ने आयोजित किया विदायी समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू।** सीमा सुरक्षा बल में जोखिम भरी सेवा में कार्यरत कार्मिकों के लिए सेवानिवृत्ति उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। सीमा सुरक्षा बल और देश सेवा के लिए शौर्य व वीरता से परिपूर्ण प्रेरक कार्य पद्धति विकसित करते हुए पूर्ण तन्मयता और मनोयोग से लगभग 36 साल राष्ट्र को महत्वपूर्ण सेवाएं देने के पश्चात श्री बिश्वजीत कुमार, सहायक समादेष्टा (अनुसचिवीय), दिनांक 31 दिसंबर, 2023 को सेवानिवृत हुए। इस मौके पर प्रशिक्षण केन्द्र एंव विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप में दिनांक 31 दिसम्बर २०२३ को राजेश कुमार, उपमहानिरीक्षक/कार्यवाहक महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एंव विद्यालय के तत्वावधान में परिसर स्थित अधिकारी मैस में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री आर0आर0 लाल, उपमहानिरीक्षक (प्रशा0), श्री डी0के0 प्रमाणिक, उपमहानिरीक्षक,(प्रशि0), सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे. श्री बिश्वजीत कुमार का जन्म 18 दिसम्बर 1963 को झारखण्ड़ में हुआ। उन्होने 25 मई 1988 को सहायक उपनिरीक्षक (अनुसचिवीय) के पद से देश सेवा आरंभ की। अपने 36 वर्ष के लंबे सेवाकाल के दौरान विभिन्न सीमांतो व अंर्तराष्ट्रीय सीमा पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। अपने सेवाकाल में आपने आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है।प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के द्वारा सीमा सुरक्षा बल की गौरवशाली परम्परा के तहत सभी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिकों के द्वारा श्री बिश्वजीत कुमार सहायक समादेष्टा,अनुसचिवीय (सेवानिवृत) को भावभीनी विदाई दी गयी। कार्यवाहक महानिरीक्षक महोदय ने श्री बिश्वजीत कुमार के भविष्य में स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की मंगलकामना की।


भावभीनी विदाई देते अधिकारी

# ट्रक चालकों ने सांकेतिक रूप से किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-02 पंचमाधव में ट्रक चालकों ने 1 जनवरी 2024 को केंद्र सरकार द्वारा भारतीय न्याय संहिता में ट्रक चालकों के प्रति किये गये संसोधन के विरोध में हड़ताल व प्रदर्शन किया ।जिसमे लोगों को बताया गया कि ट्रक चालकों द्वारा सड़क दुर्घटना में किसी की मौत हो जाती है तो चालक को 10 साल की सजा एवं 10 लाख रुपये का जुमार्ना हो सकता है ।जिसे लेकर ट्रक चालक महकमा में काफी रोष व्याप्त है।

उन्होंने बताया कि इस कानून का विरोध सम्पूर्ण भारत मे ट्रक चालकों के द्वारा हड़ताल किया जा रहा है ।जिसे देखते हुए एनएच 02 बरही हाईवे पर कुछ घण्टो के लिए चक्का जाम लगा दिया गया। इससे वाहनों की आवाजाही कुछ समय के लिए बाधित हो गई। इस बाबत ट्रक चालकों की माने तो सरकार द्वारा इस प्रकार का कानून ट्रक चालकों के लिए मौत का फरमान है ।क्योंकि ट्रक चालक एक गरीब परिवार से संबंध रखते है ।जिनके पास दस लाख रुपये सपने में भी नही हो सकते है ।दूसरी बात कोई भी ट्रक चालक जानबूझकर किसी को धक्का मारने का प्रयास नही कर सकता है ।साथ ही इसमें गाड़ियों में कोई तकनीकी खराबियों के कारण इस प्रकार का हादसा हो जाता है ।इसके लिए ट्रक चालकों पर नही बल्कि गाड़ी बनाने वाले निमार्ताओं पर मुकदमा दायर करना चाहिए। ट्रक चालकों का कहना था कि नया कानून बहुत सख्त है। इससे वे बिना वजह परेशान हो सकते हैं। उन्होंने सरकार से कानून को वापस लेने की मांग की है।



# अक्षत वितरण अभियान शुभारंभ रामगढ़ में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** 1 जनवरी 2024 को विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ नगर इकाई द्वारा अयोध्या से आए पूजीत अक्षत वितरण का प्रारंभ रामगढ़ नगर के सेवा बस्ती लेप्रोसी कॉलोनी रामगढ़ में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री सह प्रांत के आमंत्रण पत्र अभियान प्रमुख मनोज पोद्दार एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सह आमंत्रण पत्र अभियान प्रमुख मंत्री छोटू वर्मा मुख्य रूप से शामिल होकर घर-घर जाकर अयोध्या से आए हुए पूजीत अक्षत एवं आमंत्रण पत्र को देते हुए 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाली पूर्ण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से घर-घर बताते हुए आगे बढ़ते गए ।मनोज पोद्दार ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को हम सभी लोगों का आपने घर के पास अयोध्या रूपी माहौल बनाना है अपने ही घर, मोहल्ला, पड़ोसी में मिलकर भव्य रूप से दीपावली से भी बढ़कर इस बार दिवाली मनाने की बात उन्होंने कही ।मौके पर रामगढ़ नगर के आमंत्रण अभियान प्रमुख अवधेश कुमार ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो,विद्यार्थी परिषद के कॉलेज अध्यक्ष नितेश कुमार , प्रवेश शर्मा,बिरजू गोयंका, संतोष सिंह,सुनील कुमार ठाकुर,राहुल मोदी, राजा कुमार, चंदन कुमार उपस्थित थे ।



# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 50 कंबल दान किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इस भीषण ठंड में इलाज कराने आए मरीजो को ध्यान में रखते हुए जन कल्याण परिषद समिति ने अस्पताल प्रबंधक को 50 कंबल दान किया। समिति के सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि यह संस्था स्वास्थ्य एंव सामाजिक कार्य में लगातार कार्य करते आ रही है। अस्पताल में इलाज कराने के लिए गरीब असहाय लोग आते है। जिनलोगों को भर्ती भी कि जाती है वैसे लोगो के पास इस भीषम ठंड मे रात्री को गर्म कपडा नही रहता है। इसलिए जन कल्याण परिषद समिति ने अस्पताल प्रबंधक को 50 कंबल दान किया, ताकि अस्पताल में आने वाले जरूरत मरीज को ठंड से बचाया जा सके। कोषाध्यक्ष संगीता कुमारी ने कहा कि ठंड को देखते हुए प्रत्येक रात्री को मुख्य चौक चौराहों, बस स्टैंड तथा अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थान जहाँ रात्री में यात्रीगण आते जाते है वहाँ पर जरूरतमंदो के बीच रात्रि में कंबल वितरण किया जा रहा है।


कम्बल दान करते सदस्यगण

# ऐसे भ्रमणों से तन व मन दोनों तरोताजा होता है : नेहा कुमारी

## लजीज व्यंजनों का आनंद ले जमकर की मस्ती, कहा- सबों के लिए यह रहेगा यादगार पल

### सनराइज एकेडमी के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में बटोरे महत्वपूर्ण जानकारियां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित सनराइज एकेडमी के विद्यार्थियों ने टाईपिंग शिक्षक रजनीश प्रसाद, कम्प्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी व कमलेश मेहता के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण के लिए पतरातू रवाना हुए। मौके पर छात्र-छात्राओं ने पतरातू के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर कई ज्ञानवर्द्धक जानकारियां बटोरी। साथ ही एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए जमकर मस्ती भी की। कम्प्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी ने कहा कि ऐसे भ्रमणों से तन व मन दोनों तरोताजा होता है। साथ ही इससे शरीर में नये ऊर्जा का भी संचार होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारगी तो बढ़ाती ही है साथ ही विद्यार्थियों को एक-दूसरे के बारे में जानने व आगे क्या बनना है या क्या करना है इसके बारे में भी जानने का अवसर देता है। वहीं कमलेश मेहता ने कहा कि बहुत कम ही ऐसे अवसर मिलते हैं जब सभी छात्र-छात्राएं एक साथ बैठ कर सामुहिक भोज का आनंद उठा सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के साथ बिताए पल मुझे तो जीवन भर याद ही रहेगा, बच्चे इस इस पल का कभी नहीं भूलंगे। श्री मेहता ने कहा कि वर्ष में एक बार तो इस तरह के कार्यक्रम मिल-जुलकर करनी ही चाहिए। शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी मिलती है।


शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना होते सनराइज एकेडमी परिवार


# श्री राम जन्मभूमि पूजित अक्षत घर घर वितरण प्रारंभ : अरविंद




**इचाक।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र श्री अयोध्या जी से आए श्री रामचंद्र जी की पूजित अक्षत निमंत्रण स्वरूप हर एक परिवार तक पहुंचाने तक की तैयारी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मेहता ने दिया , हजारीबाग जिले के भीतर 1246 गांव में रहने वाले हर एक राम भक्त तक कार्यकर्ता अक्षत लेकर निमंत्रण देने जाएंगे। यह कार्यक्रम 1 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक चलेगी। एवं 22 जनवरी को मंदिर केंद्रित कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है जिसमें सामूहिक आरती भजन संकीर्तन पूजा पाठ इत्यादि बड़े धूमधाम से किए जाएंगे तथा संध्या बेला में घर-घर समेत मंदिरों तक दीप जलाकर दीपावली मनाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समेत तमाम राम भक्त हिंदू समाज के लोग बड़े ही उत्साह पूर्वक लगे हुए हैं। विश्व हिंदू परिषद इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संकल्पित है एवं सभी से शांतिपूर्ण एवं भक्ति पूर्ण वातावरण में कार्यक्रम को सफल बनाने की आवाहन करती है।



# राजधानी रांची में ही हैं कई बेहतर व खूबसूरत पिकनिक स्पॉट





**रवि**

रांची। वर्ष 2020 प्रवेश कर चुका है। पूरे जनवरी युवा पिकनिक पर जाते हैं ओर मौज मस्ती करते हैं। स्कूली बच्चों में न्यू ईयर को लेकर काफी उत्साह है। नये साल में स्कूली बच्चें पिकनिक मनाने के लिए राजधानी के विभिन्न पर्यटन स्थलों के लिए प्लानिंग शुरू कर दिये हैं। सुरक्षा को छात्र वर्ग काफी महत्व दे रहे हैं। यही वजह है कि विद्यार्थी घर से दूर पिकनिक मनाना नहीं चाहते है। अभिभावों की माने तो वे भी दूर जाना पसंद नहीं करते है। शहर के अंदर ही कई मनोरम पर्यटन स्थल है जो काफी नजदीक में हैं। राजधानी से 10 से 15 किलोमीटर के दायरे में तीन बड़े डैम कांके डैम, धुर्वा डैम एवं रुक्का डैम है। ये तीनों पिकनिक मनाने के लिए काफी बेहतर है। अभी इन डैमो में पानी लबालब भरा है। इसके किनारे वाले क्षेत्र काफी साफ सुथरा व सुंदर है।


## शहर के अंदर हैं कई बेहतरीन पर्यटन स्थल

वहीं जगन्नाथ मंदिर धुर्वा भी पर्यटन के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। मंदिर परिसर के किनारे का क्षेत्र में विशाल चप्तनें वृहत रूप में फैला हुआ है। सुरक्षा के लिहाज से काफी सुरक्षित है। यही वजह है कि यहां देर शाम में भी लोग घूमने आया करते है। मंदिर के ऊपर जाने पर राजधानी का पूरा नजारा एक हिल स्टेशन के समान प्रतीत होता है। कुछ ऐसा ही रॉक गार्डेन जाने पर प्रतीत होता है। वहां से कांके तथा मोरहाबादी की खूबसूरती स्पष्ट देखी जा सकती है। सामने में कांके डैम है जहां पर संध्या के वक्त सूर्य की रोशनी की छटा देखते बनती है।

राजधानी का सबसे प्रमुख स्थलों में एक पहाड़ी मंदिर है। साल के पहले दिन लोग यहां आकर पूजा अर्चना कर पूरे साल बेहतर होने की कामना करते है। भक्तों की यह अस्था भी रही है कि यहां विराजमान देवो के देव बाबा विश्वनाथ भक्तों पर कृपा बनाये रखते है। यहां से रातू, नगड़ी की नजारा बेहद की आकर्षक है। मोरहाबादी स्थित टेगौर हिल इन दिनों युवाओं के लिए बेहतर स्थानों में एक है। जहां युवक एवं युवतियां आकर बेहतर महसूस करते है। यह अंग्रेजो के जमाने में निर्मित किया गया था। इसके उपरी शिखर पर मंदिर नुमा आकृति के रुप में बनी है जहां पर बैठक पर ताजे हवां का आनंद लिया जाता है।

## घने जंगलों में बहुत से जीव-जंतु देखने को मिलते हैं

झारखंड राज्य के प्राणी उद्यान और राष्ट्रीय उद्यानों पर्यटकों का मन आर्किषत कर देते है, यहां घने जंगलों में बहुत से जिव-जंतु देखने को मिलते है, यहां मुख्य रूप से एशियाई हाथी और बाघों की संख्या देखी जाती है, झारखंड में शैल चित्र व गुफा बहुत पुराने मिलते हैं।



गोंडा हिल एंड रॉक गार्डन रांची में स्थित है, यहां का मछलीघर और मूटा मगरमच्छ प्रजनन केंद्र पर्यटकों को बहुत आर्किषत करता है। जुबली पार्क टाटा स्टील ने अपने 50 वर्ष पूरे होने पर बनवाकर तोहफे के रूप में भेट किया था। टैगोर हिल राजधानी रांची शहर में स्थित है, इस चोटी के ऊपर एक घर है जहां रविन्द्रनाथ अपनी कविता लिखा करते थे। पर्यटक स्थल में जमशेदपुर, बोकारो, रांची, साहिबगंज, देवघर वैधनाथ मंदिर, हुंडरू जलप्रपात,दलमा अभ्यारण्य,बेतला राष्ट्रीय उद्यान, श्री समेद शिखरजी जैन तीर्थस्थल (पारसनाथ) प्रमुख हैं। धार्मिक स्थलों में झारखंड धाम, लगंता बाबा मंदिर/ मजार, बिंधवासिनी मंदिर, मसनजोर चर्चित है।

### झील-झरना


हुंडरू जलप्रपात, पठारा झील, तातेलाई गर्म पानी झरना (दुमका) रांची फॉल, दासम फॉल, डिमना झील, दशम झरना , जोन्हा झरना, लोध जलप्रपात, हजारीबाग झील, सदनी जलप्रपात, हिरणी जलप्रपात

### उद्यान(पार्क)


बेतला राष्ट्रीय उद्यान (पलामू), हजारीबाग राष्ट्रीय उद्यान,

### अभयारण्य

हजारीबाग वन्यजीव अभयारण्य, दलमा अभ्यारण्य, इचागढ.पक्षी विहार, चाचरो मगरमच्छ पालन केंद्र-कोडरमा (तिलाया बांध), जवाहरलाल नेहरू चिड़ियाघर, चंद्रपुर पक्षी विहार, टाटा स्टील चिडियाघर, डालमा वन्यजीव अभयारण्य, भगवान बिरसा चिडियाघर (रांची), बेटला राष्ट्रीय उद्यान हिरन अभयारण्य, तुनुघाट पक्षी विहार, रांची मत्स्य केंद्र, पलकोट वन्यजीव अभयारण्य।



# सूर्योदय-सूर्यास्त न देखा तो क्या देखा



**बलदेव शर्मा**

छोटानागपुर की रानी के नाम से प्रसिद्ध नेतरहाट झारखंड की राजधानी रांची से 156 किमी पश्चिम में लातेहार जिले में स्थित है। समुद तल से 3700 फीट की उंचाई पर स्थित नेतरहाट में गर्मी के मौसम में पर्यटकों की भारी भीड़ रहती है। वैसे तो सालो भर यहां ढंड का मौसम बना रहता है। यहां का सूर्योदय और सूर्यास्त देखने के लिए भी लोग आते है। नेतरहाट स्थित मैगनोलिया सनसेट प्वाइंट से सूर्योदय और सूर्यास्त देखने के लिए हर साल हजारों पर्यटक नेतरहाट पहुंचते हैं। यहां आनेवाले लोगो यहां सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा देखे बिना नहीं जाना चाहते। घने जंगल के बीच बसे इस जगह की प्राकृतिक सुन्दरता देखते ही बनती है। यहां पर कई दर्शनीय झरने और पिकनिक स्पॉट भी हैं। हर साल नयेवर्ष के मौके पर यहां आनेवाले पर्यटकों की संख्या बढ़ती ही जाती है। प्रशासन भी पर्यटकों का पूरा ख्याल रखता है।

नेतरहाट झारखंड के लातेहार जिला में आता है। यह समुद्र सतह से 3622 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। रांची से यह करीब 150 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्रकृति ने इसे बहुत ही खूबसूरती से संवारा है। यहां घाघरी एवं लोअर घाघरी नमक दो छोटे-छोटे जलप्रपात भी हैं, जो प्रसिद्ध स्थल हैं। पर्यटक यहां आने पर प्रसिद्ध नेतरहाट विद्यालय, लोध झरना, उपरी घाघरी झरना तथा निचली घाघरी झरना देखना नही भूलते है। झारखंड का दूसरा सबसे बड़ा फाल बरहा घाघ (466 फुट) नेतरहाट के पास ही है। नेतरहाट में वन विभाग की अनुमति के साथ शूटिंग भी की जाती है। यहां कुछ भागों में बाघ बहुतों की संख्या में है। नेतरहाट के विकास के साथ यहां पर्यटक, शिकारी काफी आर्किषत हो रहे हैं। नेतरहाट एक बहुत महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है।

### नेतरहाट विद्यालय

प्रसिद्ध नेतरहाट विद्यालय की स्थापना नवंबर 1954 में हुई थी। राज्य सरकार द्वारा स्थापित और गुरुकुल की तर्ज पर बने इस स्कूल में अभी भी प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर नामांकन होता है। यहां के अनेक छात्र ने हरेक क्षेत्र में इस विद्यालय का नाम रोशन किया है। अभी भी छात्र के आय के हिसाब से ही इस विद्यालय में फीस ली जाती है। हिन्दी माध्यम के इस विद्यालय में अग्रेंजी और संस्कृत भी पढाया जाता है।

### उपरी घाघरी झरना

नेतरहाट से 4 किमी दूर यह जगह प्रसिद्ध पिकनिक स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता के बीच पिकनिक मनाने का अपना अलग ही मजा है।

### निचली घाघरी झरना

यहां से 10 किमी की दूरी पर घने जंगलों के बीच से गुजरती इस झरने की सुन्दरता देखते ही बनती है। 32 फीट की उंचाई से गिरते हुए इस झरने को देखने हजारों की संख्या पर्यटक गर्मी के दिनों में यहां आते है। यहां के आस-पास के जंगल इतने घने है कि सूर्य की किरणें भी इसको पार नही कर पाती है।

### लोध झरना

नेतरहाट से 60 किमी दूर स्थित यह झरना बुरहा नदी के पास स्थित है। 468 की उंचाई पर स्थित यह झरना झारखंड का सबसे उंचा झरना माना जाता है। कहा जाता है कि इस झरने की गिरने की आवाज आस-पास के 10 किमी दूर तक सुनाई देती है।

**नेतरहाट**

### चीड़ वन

नेतरहाट में चीड़ वन के बीच एक अभयारण्य है जो लोगों को इस भाग में आने के लिए उत्साहित करता है। कुछ समय पहले तक राज्यपाल इसे गर्मियों के स्थायी स्टेशन के रूप में इस्तेमाल किया करते थे। नेतरहाट का तापमान रांची की तुलना में पूरे वर्ष अच्छा रहता है। यह कहा जा सकता है कि यह स्थान पूरे झारखंड राज्य में सबसे ठंडा है। इस स्थान में की कृषि फार्म भी हैं।

रांची से नेतरहाट के लिए प्रतिदिन बस सुविधा उपलब्ध है। रांची से रोजाना नेतरहाट के बस सेवा उपलब्ध है। नेतरहाट की जलवायु जुलाई और अगस्त में बहुत अच्छी रहती है ओर नम नहीं होती हैं। गर्मियों में नेतरहाट की जलवायु बहुत ठंड रहती है। यह पठार जंगलों से घिरा हुआ है और यहां 60 इंच से अधिक वर्षा प्रति वर्ष नहीं होती है। यहां के जंगलों में पाइन के पेड़ हैं। नासपाती और आड़ू के फल भी मिलते हैं, जो कुछ छोटे होते हैं। यहां कई फूलों के पेड़ हैं विशेष रूप से कचनार और कैसिया प्रजाति के। सीजनल फूलों को पूरे वर्ष विकसित किया जा सकता है। नदियों की मुख्य धारा उत्तर से दक्षिण की ओर सोन नदी की ओर है, जो सीमा के उत्तरी भाग के जिलों में है। प्रमुख नदी कोयल और उसकी सहायक नदियां औरंगा और अमानत है। इनमे कई छोटी शाखाएं भी हैं, जिनमें से अधिकांश हैं जो केवल पहाड़ ओर पत्थरों के बीच से गुजरती हैं।

**लेखक एआइआर रांची से जुड़ें हैं।**

### एक झलक

- **क्षेत्रफलः** 2479 वर्ग कि.मी.
- **आबादीः** 93.3113
- **अनुसूचित जातिः** 12.76%
- **अनुसूचित जनजातिः** 12.4%
- **पिछड़ा वर्गः** 47.24%
- **अल्पसंख्यक :** 19.1718.21%
- **लिंग अनुपात :** 911
- **प्रमण्डलः** पलामू प्रमण्डल

## 50 किमी जागरूकता दौड़ लगाकर 82 वर्षीय रामदास टुडू ने रचा इतिहास



**पोटका।** नया साल हर कोई अपने अपने तरीके से मनाता है। इसी में नया साल मानने का एक कड़ी यह भी है। पोटका। मैन वर्सेज वाइल्ड टीम के प्रमुख पोटका प्रखंड के दामुडीह गांव निवासी 82 वर्षीय रामदास टुडू एवं 52 वर्षीय बाघमारा गांव के सुधीर सोरेन ने 50 किलोमीटर की जागरूकता दौड़ को संपन्न कर प्रखंड में नव वर्ष पर एक इतिहास रचा। जागरूकता दौड़ पर इनके सहयोगी की भूमिका में राष्ट्रीय एथलेटिक्स चाईना गोप व प्रदीप गोप, लकी हंसदा, छिता टुडू, बिमला सरदार, सुरेश शिंकु, शिवनाथ टुडू, सोमाई मर्डी, राजेंद्र नाथ दास, धनंजय प्रमाणिक मौजूद थे। इस दौड़ का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण स्वास्थ्य, बाल विवाह पर रोक, महिला उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता फैलाने के साथ-साथ लैंगिक असमानता में समानता लाना शामिल है। अपने टीम के साथ रामदास टुडू तथा सुधीर सोरेन का स्वागत किया।

## पूजा अर्चना के साथ लोगों ने की नये साल 2024 की शानदार शुरुआत

**कैरो।** पूरे प्रखंड क्षेत्र में नए वर्ष के अवसर पर अहले सुबह से मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद दिन भर सभी तबके द्वारा पिकनिक कार्यक्रम चला। कैरो-भंडरा प्रखंड अंतर्गत नंदनी डैम, खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी किनारे, चाल्हो पतरा, गजनी पतरा, नरौली नहर सहित चारो तरफ पिकनिक की धूम रही। मौके पर मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने वालों की भी भीड़ दिखी।

## नारी सशक्तिकरण 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान महायज्ञ दो से

**गुमला।** शांति कुंज स्वर्ण जयंती वर्ष श्रृंखला कार्यक्रम के तहत गायत्री परिवार महिला मंडल डुमरडीह के द्वारा नारी सशक्तिकरण 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान महायज्ञ का आयोजन 2 से 5 जनवरी 2024 तक किया गया है। महायज्ञ को लेकर दो जनवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। वहीं तीन जनवरी को सामूहिक जप, ध्यान, साधना, प्रज्ञा योग व्यायाम, कार्यकर्ता गोष्ठी व देव पूजन किया जायेगा। इसी तरह कार्यक्रम पांच जनवरी तक चलता रहेगा।

## चार जनवरी को होगा सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी से संबंधित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को 04 जनवरी को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण समाहरणालय सभाकक्ष में 04 जनवरी को 11.30 बजे पूर्वाहन से दिया जायेगा। जिसमें कार्मिक कोषांग, सामान्य प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, ईवीएम कोषांग, कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी व आइटी कोषांग, स्वीप कोषांग, विधि-व्यवस्था सह आचार संहिता रूट चार्ट कोषांग, ईवीएम एवं वीवीपैट कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग, बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट व इटीपीबीएस कोषांग, मीडिया कोषांग, कम्युनिकेशन, मतदाता सूची विखंडीकरण कोषांग, कंप्लेंट्स रीड्रेसल एवं वोटर हेल्पलाईन, प्रेक्षक कोषांग आदि के वरीय पदाधिकारी शामिल हैं। प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक देंगे।

## वाहन चालक हड़ताल पर गये

**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार द्वारा वाहन चालकों के लिए नया कानून लोकसभा से पारित किया गया। जिसमें चालक एवं वाहन के उपर कानून सम्मत सख्त कार्रवाई की जायगी। इसके विरोध में देशव्यापी आंदोलन के तहत पलामू चालक संघ ने भी तीन दिवसीय हड़ताल के पहले दिन वाहन को ठप कर रैली निकाला। इस संबंध में अध्यक्ष संजय राम ने कहा कि नये कानून बनाये जाने से चालक भयभीत हैं। कारण कि इस नये कानून में जो प्रावधान लाया गया है उसका भरपाई चालक नहीं कर पायेंगे। इस कारण सरकार नये कानून को वापस ले वरना यह आंदोलन तीन जनवरी के बाद देशव्यापी उग्र रूप धारण करेगा। ज्ञात हो कि देश में दिन प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसमें दो पहिया, चार पहिया वाहन से लेकर बड़े वाहन के चपेट में आने से लोगों की मौतें हो रही हैं। चाहे ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र या राष्ट्रीय राजमार्ग की हो। सभी सड़कों पर दिन प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में लोगों की मौतें हो रही है। इसमें चालक की लापरवाही कहें। जिस कारण सड़क दुर्घटना से सरकार व बीमा कंपनी परेशान है। सड़क दुर्घटना के पुराने कानून में जो प्रावधान था उससे चालकों में भय व्याप्त नहीं है। जिस कारण वे बेखौफ वाहन की रफ्तार के साथ चलाते थे। वहीं जब केंद्र सरकार ने पुराने कानून में बदलाव करते हुए नये कानून लोकसभा से पास किया तो भारत के वाहन चालकों में खलबली मच गई।

## धनबाद में मछली कारोबारी की हत्या

**धनबाद।** धनबाद जिले में टुंडी थाना क्षेत्र के चरकखुर्द रहने वाले मछली कारोबारी विजय मंडल की अपराधियों ने गोली मार कर रविवार की रात हत्या कर दी। शहीद निर्मल महतो चिकित्सा अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार विजय को अपराधियों ने दो गोली मारी एक गोली विजय के गले और एक गोली छाती में लगी है। टुंडी थाना पुलिस हत्या की जांच में जुट गई है। बताते चले कि रविवार रात पश्चिम टुंडी के कारीटानड गांव के समीप बाइक सवार अपराधियों ने विजय मंडल को गोली मार दी। फायरिंग की आवाज आने के बाद गांव वालों ने अपराधियों को रोकने और पकड़ने की कोशिश की, लेकिन अपराधियों ने गांव वालों की ओर बंदूक तान दी। जिसके बाद गांव में डर की वजह से सभी लोग पीछे हट गए। बाइक सवार अपराधियों के जाने के बाद गांव वालों में से एक ग्रामीण ने विजय मंडल की पहचान की और घटना की जानकारी विजय मंडल के परिवार और पुलिस को दी।

## कल्प तरू उत्सव का आयोजन

**मेदिनीनगर।** श्री रामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति द्वारा दुर्गाबाड़ी परिसर में कल्प तरू उत्सव का आयोजन किया गया। श्रीराम कृष्ण, मां शारदा, स्वामी विवेकानंद महाकाली भगवान शिव के आराधना कर व हवन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थाके अध्यक्ष राजदेव उपाध्याय ने भगवान श्रीरामकृष्ण के कल्पतरू के विषय पर प्रकाश डाला। कहा कि भगवान श्रीरामकृष्ण एक जनवरी को शरीर त्याग कर अत्यंत पीड़ामें थे।

# प्रकृति की आंचल में लोगों ने किया नववर्ष का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रकृति की आंचल और पर्यटन स्थलों की सुंदरता के बीच सोमवार को नये साल का आगाज हुआ। प्रखंड के अलग-अलग पिकनिक व पर्यटन स्थलों में पूरे उल्लास, उत्साह और नयी उमंगों के साथ साल 2024 का स्वागत हुआ। लोगों ने पूरे परिवार के साथ पिकनिक स्पॉट के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण से परिपूर्ण पर्यटन स्थलों में पहुंचकर नये साल का आगाज किया। लोगों के लिए साल 2024 नया उत्साह और उम्मीद लेकर आया था। प्रखंड के सभी रमणीक स्थलों, प्राकृतिक स्थलों और धार्मिक स्थलों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

**परिवार संग लोगों ने की मौज-मश्ती :** विभिन्न पर्यटन स्थलों तक सोमवार को लोग पूरे परिवार एव दोस्तों के साथ पहुंचे थे। दर्जन भर पिकनिक स्थलों में लोगों ने अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचकर नए साल का स्वागत किया। प्रखंड प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम में सुबह से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे कर भगवन भोले नाथ की पूजा अर्चना कर नव वर्ष की शुरुआत की। ठंड के बाद भी पिकनिक स्पाटों पर लोगों की भीड़ जमी हुई थी।

### अखिलेश्वर धाम में पूजा कर लोगों ने की नव वर्ष की शुरुआत, पुलिस रही मुस्तैद





**पूजा-पाठ से दिन की शुरुआत :** लोगों ने दिन की शुरुआत धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना के साथ की। ईश्वर से अपने परिवार के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना करने के बाद लोगों ने पिकनिक स्पॉटों की ओर रूख किया। नंदिनी जलाशय, पण्डे बांध, हिरन कट्टा डैम, पझरी पहाड़,महादानी महादेव आदि प्राकृतिक और पर्यटन स्थलों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। लोगों ने खाना बनाकर खाया तो कुछ घर से ही खाना बनाकर ले गए थे। पूरे दिन भर साउंड सिस्टम के सहारे संगीत की लय में लोग थिरकते रहे। अपने मोबाइल फोन और कैमरों में साल के पहले दिन की यादों को समेटने में भी लोग जुटे हुए थे। परिवार और दोस्तों के साथ सेल्फी लेने को लेकर लोग उत्सुक दिखे।



## कार में सीट बेल्ट और दुपहिया वाहनों पर हेलमेट अवश्य पहनें : टीवी नरेंद्रन



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने नये वर्ष पर नगरवासियों को हार्दिक बधाई दी है। सोमवार को सेंटर फॉर एक्सीलेंस में नव वर्ष के केक कटिंग समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी को परिवार और समाज की सुख समृद्धि के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा का भी संकल्प लेना चाहिए । उन्होंने नगर में सड़क हादसे में छह युवकों की मौत पर दुख जताया।

एमडी ने कहा, हम लोग घर पर रहे, सड़क पर चलें अथवा प्लांट में काम करें ,कार्यालय में काम करें, हर जगह सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की जरूरत है। हम सभी को सुरक्षा नियमों का पालन दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। सड़क हादसे में 6 युवकों की मौत पर चर्चा करते हुए कहा कि शहर के लिए यह बहुत ही दुखद घटना है। नयेवर्ष की खुशियों के बीच सुबह-सुबह इस घटना ने हम सभी को झकझोर करके रख दिया है। यह दुर्घटना हमें जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में मेरे चार सहकर्मी कोलकाता में सड़क मार्ग से आ रहे थे। रास्ते में उनकी कार बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई किंतु सीट बेल्ट बांधने के चलते चारों साथी बाल बाल बच गये। उन्होंने शहर वासियों से कहा कि अगर आप बाइक अथवा स्कूटी से अथवा मोपेड से चलें हेलमेट जरूर पहनें।

## विधायक निधि से बने शहीद बेदी का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के गदड़ा पंचायत के तुपुडांग गांव में खरसावां गोलिकांड में शहीद हुए वीर शाहिद गुबंग सामड, वीर शाहिद सुखा भूमिज, वीर शहीद चमरू सामड, वीर शहीद काटे सरदार के समृति में विधायक निधि से निर्मित सहीद वेदी का उद्घाटन सोमवार को विधायक मंगल कालिंदी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने वेदी पर पुष्प अर्पित कर उन सभी शहीदों को नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वही दूसरी और विशाल झारखंड शहीद मेला का आयोजन गदड़ा, तेतुल बगान बोय्स क्लब, बालीडुंगरी फुटबॉल मैदान में हर साल की भांति इस साल भी शहीदों की याद में 62वां वार्षिक खेल-कुद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि मंगल कालिंदी थे। उन्होंने स्मारक में पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलिदी।

## जुबिली पार्क में पिकनिक मनाने उमड़ी भीड़



## नववर्ष : मांस और मिठाइयों की खूब हुई बिक्री

**भंडरा।** नववर्ष 2024 का जश्न मनाने के लिए एक ओर जहां मीट, मछली व मुर्गा की खूब बिक्री हुई। वहीं दूसरी ओर मिठाइयों की भी रिकॉर्ड बिक्री हुई। प्रखंड में एक अनुमान के अनुसार लोगों ने करीब 5 लाख रुपये के मांस-मछली और मिठाइयों की खरीद में खर्च किये। इसके अलावे केक की बिक्री भी खूब हुई। नववर्ष के स्वागत में हर जाति व समुदाय के लोगों ने अपने-अपने तरीके से नववर्ष का स्वागत किया।

## नये साल के जश्न को ले सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**भंडरा।** नये साल को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा भी पूरी सतर्कता बरती गई थी। प्रखंड के सभी पिकनिक स्पाट में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम थे। नये साल को लेकर एसपी हारिस बिन जमां के निर्देश पर भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार अपने सभी जवान के साथ पिकनिक स्पॉट की निगरानी कर रहे थे। इस दौरान नंदिनी, अखिलेश्वर धाम, चट्टी, मसमानो सहित अन्य पिकनिक स्पाट का निरीक्षण भी किया किया गया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कर्मियों को दिशा-निर्देश भी दिये गये। सुरक्षा को लेकर सभी पिकनिक स्पॉट में सादे लिबास में भी पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।

# बिरसा मुंडा एग्रो पार्क और रॉक गार्डेन में लोगों ने किया नव वर्ष का स्वागत

■ दोनों पार्कों में उमडी लोगों की भीड़, बच्चों ने टॉय ट्रेन व झूला का उठाया लुत्फ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** नव वर्ष पर शहर के बिरसा मुंडा एग्रो पार्क व रॉक गार्डेन में भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। बिरसा मुंडा पार्क को नव वर्ष पर विशेष रूप से सजाया भी गया। बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में लोगों ने अपने परिजनों के साथ पिकनिक का आनंद उठाया। बिरसा मुंडा एग्रो पार्क के बाहर व भीतर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। पार्क में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के झूले व टॉय ट्रेन का लुत्फ उठाया। वहीं युवा वर्ग के सदस्य पार्क में लगे बिजली झूले का जमकर आनंद लिये। नव वर्ष का शहर के लोग बाहर जाने से अच्छा पार्क में ही परिवार के साथ रहकर स्वागत किये। बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। पार्क में बने मछली घर व लाफिंग हाउस में भी लोगों की भीड़ लगी हुई थी। हलांकि पार्क में लोगों ने वोटिंग का लुत्फ नहीं उठा पायें। क्योंकि पार्क के सभी नाव बेकार पड़े हुए हैं। वहीं दुन्दुरिया स्थित रॉक गार्डेन में भी नव वर्ष के स्वागत के लिए लोगों की हुजूम उमड़ी थी। राक गार्डेन में भी लोगों ने जमकर नववर्ष का लुत्फ उठाया।



बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में पहुंचे लोग।

## अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर गांव-गांव में हुआ अक्षत कलश का वितरण



**भंडरा।** अयोध्या में भगवान श्री राम जी के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए सोमवार को प्रखंड के भैंसमुंदो में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं एवं गांव की महिलाओं के द्वारा घर-घर जाकर अक्षत चावल के माध्यम से निमंत्रण पत्र दिया गया और आमंत्रित किया गया कि 22 जनवरी को सभी अपने गांव के देवालय में जाकर 11 बजे से पूजन, कीर्तन, भजन करे तत्पश्चात 2 बजे अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की आरती गांव गांव के लोगों को भी आरती में सम्मिलित होना है। इसके लिए निमंत्रण घर-घर अक्षत एवं पत्रक के साथ-साथ चित्र दिया गया। घर घर निमंत्रण देने कार्यक्रम में आनंद सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, कांति देवी, गीता देवी ,जूली देवी, सूरज यादव, करमचंद यादव, संध्या कुमारी, रूपेश सिंह, पुष्पा देवी, सावित्री देवी, अंजू देवी, निर्मला देवी सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह घर-घर जाकर नेवता देने का कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## विहिप व बजरंग दल ने अक्षत देकर लोगों को किया आमंत्रित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** अयोध्याय में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में सनातन धर्मावलंबियों को आमंत्रण देने का कार्य बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने आरंभ कर दिया है। विश्व हिंदू परिषद के मुकेश कुमार सिंह ने वर्ष के प्रथम दिन कई सनातन धर्मावलबियों के घर पहुंचकर उन्होंने अक्षत देकर 22 जनवरी को आयोजित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। वहीं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन जिले में दीपोत्सव मनाने के लिए भी लोगों को प्रेरित करते हुए उन्हें अपने घरों के सामने दीपक जलाने की अपील की। इस दौरान श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा पर विशेष पूजा पाठ करने की भी लोगों से अपील की गयी।



## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजित अक्षत का वितरण हुआ प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में वीएचपी द्वारा लोगों को निमंत्रण पत्र देने का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। श्री रघुवर जी के अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है। इसी के साथ 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक सभी राम भक्तों के घर तक अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचना है। इसी के निमित्त सोमवार को जिला उपायुक्त कृष्ण प्रसाद वाघमारे को अक्षत व निमंत्रण पत्र देकर कार्य शुभारंभ किया गया। साथ ही लोहरदगा जिले के न्यायिक अधिकारी और एसडीओ अमित कुमार को भी निमंत्रण दिया गया। लोहरदगा सीओ, थाना प्रभारी अनिल उरांव को भी निमंत्रण दिया गया। प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद अग्रवाल की धर्मपत्नी को भी निमंत्रण पत्र दिया गया।

# नववर्ष : खुले आसमान में लोगों ने जमकर की मौज-मस्ती

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला वासियों ने नववर्ष का स्वागत प्रकृतिक के गोद में हसीन वादियों व खुले आसमान के नीचे किया। गुमला और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को नव वर्ष को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। शहर से लेकर गांव तक, बच्चे से लेकर वृद्ध तक हर कोई नव वर्ष के उमंग व उत्साह से लबरेज दिखा।

रविवार की मध्य रात्रि से ही युवाओं ने जगह-जगह आतिशबाजी कर नव वर्ष 2024 का स्वागत किया और एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला भी आरंभ कर दिया। रात करीब 12 बजे लोगों ने केक काटकर नववर्ष का भव्य तरीके से स्वागत किया। सोमवार की सुबह से शाम तक नव वर्ष की बधाई एक दूसरे को देते रहे। दिन भर लोग मोबाइल से सगे संबंधी मित्रों व परिजनों को नव वर्ष की बधाई देते रहे। आम हो या खास हर वर्ग के लोग अपने-अपने अंदाज से नव वर्ष का आनंद उठाये। जहां नव वर्ष को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया वहीं युवकों की टोली हांडी कड़ाही डीजे साउंड के साथ नदी किनारे पहुंचे और वहीं खाना बनाकर खाया और नाच गाकर नव वर्ष का लुत्फ उठाया।

### मध्य रात्रि से शुरू हुई आतिशबाजी और बधाई का सिलसिला, केक काटकर नववर्ष का जोरदार स्वागत

#### वर्ष के प्रथम दिन भक्तों ने चढ़ाया ईश्वर के समक्ष आस्था और विश्वास का प्रसाद

■ **काली मंदिर में प्रातः छह बजे से ही भक्तों का लगा रहा तांता**

उमंग और खुशियों के साथ गुमला वासियों ने सोमवार को नव वर्ष का स्वागत किया। नव वर्ष का शुभारंभ लोगों ने मंदिरों में मत्थ टेकर किया। गुमला वासियों के लिए आस्था का केंद्र बना जशपुर रोड स्थित काली मंदिर, एसएस उच्च विद्यालय रोड में देवीगुड़ी मंदिर में प्रातः छह बजे से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मां काली, भगवान स्वयंभू भोलेनाथ व बजरंग बली के प्रतिमाओं के समक्ष आस्था और विश्वास का प्रसाद चढ़ाया और बदले में ईश्वर से वर्ष के प्रथम दिन से लेकर वर्ष के अंतिम दिन तक दुखों व क्लेशों से दूर रखने की प्रार्थना की। आस्था से सराबोर हुए भक्तों ने दीप जलाकर तो किसी ने नारियल फोड़कर व अगरबत्ती जलाकर भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रगट की। जिले के टांगीनाथ धाम, गुमला के आंजनधाम, घाघरा का देवकी बाबा धाम, सिसई का नगर मंदिर आदि स्थानों पर पूजा अर्चना के लिए विशेष भीड़ रही। नागफेनी स्थित जगन्नाथ मंदिर में भी पूजा के लिए भारी संख्या में भक्त गण पहुंचे थे।

#### सैलानियों से गुलजार रहे जिले के पिकनिक स्पॉट



गुमला के सभी पिकनिक स्पोट सोमवार को सैलानियों से गुलजार रहा। दक्षिण कोयल नदी नागफेनी व रायडीह के शंख नदी में काफी संख्या में लोग नववर्ष पर एकत्रित हुए और प्राकृतिक की गोद में नव वर्ष का स्वागत करते हुए पिकनिक मनाया। गुमला जिला में मुख्य रूप से बसिया प्रखंड के बाघमुंडा कोयल नदी, पालकोट का घोड़लता, शीतलपुर मलमलपुर, गोबरसीली, डुमरी का लावा नदी, कांजी नदी, बासा नदी, चैनपुर व रायडीह में शंख नदी तट, घाघरा का सिकवार टोंगरी व सिकवार डैम पर भारी संख्या में आस पास के लोगों ने पिकनिक मनाकर नव वर्ष का आनन्द उठाया। बाघमुंडा और टांगीनाथ धाम में दूर दूर से लोग पहुंचे थे। बाघमुंडा जलप्रपात और प्रकृतिक के गोद में लोगों ने नव वर्ष का जश्न मनाया जबकि टांगीनाथ धाम में लोगों ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर लावा नदी में पिकनिक का आनंद उठाया।

#### चहुंओर कड़ी थी सुरक्षा व्यवस्था

गुमला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। पिकनिक स्थलों की निगरानी के लिए जिला प्रशासन ने पहले ही हिदायत कर दी थी। जिला प्रशासन ने शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा कर्मी प्रतिनियुक्त कर दिये थे। चारों ओर शांति का माहौल था।

#### दोपहर बाद सड़कों पर सन्नाटा

नववर्ष को लेकर दोपहर बाद जिले के पिकनिक स्थल तो गुलजार रहे लेकिन शहर के सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर बाद शहर के सभी प्रतिष्ठानें बंद रही। सड़कों पर इक्का दुक्का वाहन ही दौड़ते नजर आये। दूर-दूर तक सड़कों पर लोग दिखलाई नहीं पड़ रहे थे। शाम ढ़लने के बाद पिकनिक स्थलों से लोगों के लौटने के बाद शहर की सड़कों पर रौनक लौटी।

## आइएनडीआइए को लेकर जेडीयू का बदला सुर : संजय सिंह

**पटना।** 'इंडिया' गठबंधन में इन दिनों सीएम नीतीश कुमार को लेकर खूब राजनीति हो रही है। कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार गठबंधन से नाराज चल रहे हैं। वहीं, इन सब पर जेडीयू विधान पार्षद संजय सिंह ने 'इंडिया' गठबंधन से बड़ी मांग कर दी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को निश्चित तौर पर 'इंडिया' गठबंधन में संयोजक बनना चाहिए। उनसे काबिल दूसरा कोई नहीं है। सीट शेयरिंग से लेकर के सभी चीजों में बहुत देर हो गई है, पूरा समय बर्बाद हो गया है। 'इंडिया' गठबंधन को फैसला पहले लेना चाहिए था तो कुछ खेल और हो जाता, अब क्या खेल होगा। एनडीए ने चुनाव की सभी तैयारी कर ली है और हम हाथ पर हाथ धर कर बैठे हैं।

# महागठबंधन में बिखराव के कयासों पर आरजेडी ने ली कमान

## मनोज झा ने उठे सवालों पर दिया चुन-चुनकर जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** आरजेडी सांसद मनोज झा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि बीते एक हफ्ते से कोई मुद्दा नहीं था। महागठबंधन की सरकार रोज गिराई जा रही थी। एक पार्टी के अंदरूनी मामले पर टीका टिप्पणी की जा रही है। आज सुबह से एक विधायक के बयान को लेकर चलाया जा रहा था। हर धर्म का डीएनए आरजेडी में है। सावित्री बाई फुले ने जो शिक्षा के संबंध में कहा और हमारे विधायक जब उसे कहते है तो इसका अर्थ लगाया जाता है। लालू यादव से मंदिर के बारे में बात कर लीजिए। हमारे राम किसी से घृणा नहीं सिखाते हैं। मनोज झा ने कहा कि फतेह बहादुर के बयान पर जिस तरह के बयान मीडिया से आ रहे हैं वो ठीक नहीं है। कबीर के बयान पर भी आज लिंचिंग हो जाएगी। बीजेपी के लोग लिंचिंग करते हैं। मीडिया से आरजेडी आग्रह करते हुए कही कि सब धर्म संभाव है। चार दिन पूर्व असम के



सीएम ने शूद्रों के बारे में लिखा, लेकिन मीडिया ने उन्हें नहीं चलाया। वहीं, जेडीयू के नीरज कुमार के द्वारा फतेह बहादुर के बयान पर दिए प्रतिक्रिया पर आरजेडी सांसद ने कहा कि मेरे द्वारा दिए गए बयान के बाद नीरज कुमार का बयान देख लेंगे। मां दुर्गा और मां सरस्वती के ऊपर विधायक के दिए बयान पर क्या कहा। उनकी हर बात का समर्थन नहीं करते हैं। कर्नाटक के मंत्री के बयान पर सांसद ने कहा कि बीजेपी वाले अगर राम को पॉलिटिकली लेंगे तो उनके हाथ झूलस जाएंगे। वहीं, जेडीयू एमएलसी संजय सिंह के बयान कि 'इंडिया' गठबंधन कब चुनाव की तैयारी करेगा। इस पर सांसद ने कहा सब तैयारी हो रही है।

## फतेह बहादुर के विवादित बयान पर जेडीयू बौखलाई : नीरज कुमार


**पटना।** आरजेडी नेता फतेह बहादुर सिंह के बयान पर बिहार में बवाल मचा हुआ है। इस पर जेडीयू के प्रवक्ता नीरज कुमार सिंह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि फतेह बहादुर सिंह का नाम के विपरीत आचरण है उनको नाम रखना चाहिए कायर बहादुर सिंह उनको तो सभी को कहना चाहिए की जो कोई भी धर्म में विश्वास रखता हो वो हमारे यहां न आए। कायर बहादुर सिंह को कहना चाहिए कि जो कोई भी धर्म में आस्था रखता हो वह हमको वोट ना दे तो उनको पता चल जाएगा। कायर बहादुर सिंह से कुछ लेना देना नहीं है। वहीं, आरजेडी नेता फतेह बहादुर सिंह ने फिर से विवादित बयान दिया है।

**एक नजर में**

## समस्तीपुर से तीन युवक आये वृंदाहा फॉल, एक युवक लापता


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के वृंदाहा फल में बिहार के समस्तीपुर से कोडरमा घूमने आए तीन युवकों में एक 24 वर्षीय विनीत कुमार उर्फ बिट्टू, पिता गणेश कुमार झा नामक युवक गझंडी के वृंदाहा फल से लापता हो गया है। वह होटल मैनेजमेंट का छात्र बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवकों में चंदन कुमार पिता सुभाष कुमार झा, विनीत कुमार उर्फ बिट्टू, पिता गणेश कुमार झा, अभिषेक उर्फ गोलू पिता राम विनोद झा गंगा दामोदर ट्रेन से कोडरमा आए, यहां से टोटो लेकर तीनों युवक तिलैया डैम घूमने गये। वहीं से लौटने के




बाद कोडरमा रेलवे स्टेशन में संचालित सुलभ शौचालय में कार्यरत अपने किसी जानकार से मिलकर उनका बाइक लिया और गूगल मैप के सहारे तीनों गझंडी के घने जंगल में स्थित वृंदाहा फल घूमने गए।

# नए साल पर मौज-मस्ती में डूबे रहे दुमकावासी, बिहार और प. बंगाल से भी जुटे पर्यटक









नये वर्ष के अवसर पर मसानजोर डैम के पास पिकनिक का अनन्द उठाते लोग, मसोनजोर डैम में पर्यटक की भीड़, डैम में बोटिंग एवं नाव की सवारी का अनन्द लेते पर्यटक, मसानजोर डैम में नाचते गाते पर्यटक, सिदो कान्हू शौर्य स्मारक पार्क में शहर के लोगो की भीड़।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** नए साल 2024 के स्वागत में दुमका के साथ मसानजोर व आसपास के पिकनिक स्पॉटों पर दिन भर जश्न का माहौल रहा। नए साल की खुशी का आलम यह रहा कि लोग कड़ाके की ठंड की परवाह किए बिना सामान के साथ पिकनिक मनाने निकल पड़े। सोमवार को दुमका का न्यूनतम तापमान था और सर्द हवाएं चल रही थी। नए साल के उत्साह से सराबोर लोगों ने दुमका शहर के आसपास के पिकनिक स्पॉटों कुरुवा सृष्टि उद्यान, हिजला, पुसारो, बास्कीचक,तातलोई सहित कई स्थानों पर जाकर पिकनिक का लुत्फ उठाया। साथ ही मसानजोर, दिग्लपहाड़ी, कैराबनी डैम, सिलंगी, नारगंज सहित अन्य स्थानों पर भी पिकनिक मनाने वाले पहुंचे। यहां का मसानजोर एक ऐसा पिकनिक स्थल है, जहां नववर्ष पर पिकनिक मनाने के लिए पश्चिम बंगाल से आने वाले सैलानियों का भी जमघट लगता है। मसानजोर में पर्यटक ने वोटिंग का जमकर आनंद उठाया। सिदो-कान्हू शौय स्मारक पार्क दुमका शहर से सटा है। यहां पर दिन भर बच्चों की भीड़ लगी रही। बच्चों ने झुले में झुलकर खुब मौज-मस्ती की। बच्चों के साथ काफी संख्या में अभिभावक भी पार्क में पहुंचे थे। सृष्टि पार्क, बास्कीचक, हरिपुर, विजयपुर ओर नेतुरपहाड़ी आदि पिकनिक स्पॉटों में लोगों की भीड़ लगी रही। इस वर्ष नया सेल्फी ब्रिज बनने से दुमका सहित आसपास के लोगों का भीड़ लगी रही। लोग वहां पहुंचकर पिकनिक मनाने व धूमने पहुंच रहे है। युवाओं की टोली ने डीजे लेकर पिकनिक स्पॉट पर पहुंचे और खुब मौज-मस्ती की। वहीं नववर्ष को लेकर पर्यटक स्थल मसानजोर में जनसैलाब उमड़ी थी। यहां पर पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड के विभिन्न गांव शहर से सैलानियों की अपार भीड़ उमड़ी थी। वाहन पर्किंग की समस्या उत्पन्न हो गई थी। पहाड़ की तलहट्टी, डैम के किनारे, मयूराक्षी नदी गर्भ के बड़े चट्टानों में हजारों की संख्या में सैलानियों ने पिकनिक का लुत्फ उठाया। पिकनिक स्पॉटों में चूल्हा के लिए जमीन कम पड़ गई थी। लजीज व्यंजन के साथ डीजे व साउंड सिस्टम में पर्यटक जमकर थिरके। सभी उम्र के महिला, पुरूष, बच्चे पिकनिक में शामिल थे। मसानजोर डैम में पिकनिक के साथ-साथ सैलानियों ने बोटिंग का भी भरपूर आनंद उठाया। डैम में झारखंड एवं पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा बनाया गया रेस्ट हाउस पर भी सैलानियों ने सैर किया। प्राकृतिक सौंदर्य की भरपूर आनंद उठाया।

## मसानजोर में पुलिस की थी व्यवस्था

**रानेश्वर।** नव वर्ष के मौके पर पर्यटक स्थल मसानजोर डैम परिसर में जन सैलाब उमड़ पड़ा था। उमंग की बयार वह रही थी। लोग ने साल की जश्न में सराबोर थे। डीजे की धुन में जमकर थिरक रहे थे। डैम गर्भ पर बोटिंग की जमकर उठा रहे थे। डैम के शिशु बगान, पहाड़ की तलहटी,युवा आवास, झाझा पड़ा, जलाशय के किनारे, नहर के किनारे पिकनिक पार्टी की भीड़ उमड़ पड़ी थी। चूल्हा रखने की जगह कम पड़ गई थी। डैम परिसर फिल्मी गाने की फहुन से गुंजायमान था। पिकनिक पार्टी लजीज भोजन की जमकर आनंद उठा रहे थे। बोटिंग के लिए भी लोगों की कतारें लगी थी। लोग अपनी बारी की इंतजार में खड़े थे। सुरक्षा को लेकर भी मसानजोर पुलिस चौकन्ना थी। करीब 20 की संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल को सुरक्षा की लिहाज से पिकनिक स्पॉट में लगाया गया था। अतिरिक्त पुलिस बल जिला से भेजा गया था। मुख्य पतद पर भी सैलानियों की भीड़ थी।

लिहाजा दुमका सिउड़ी मुख्य पथ के सादीपुर एवं बगनल में बड़ी एवं भारी वाहनों की प्रवेश वर्जित कर दी गई थी। भारी वाहन को रघुनाथपुर एवं बागनल मोड़ से अन्य रोड पर मोड़ ली जा रही थी। इधर मयूराक्षी नदी तट के अलावे दिगल पहाड़ी,बड़ा नदी जलाशय एवं कैराबनी डैम पर भी सैलानियों की भीड़ उमड़ी थी। लोग जमकर पिकनिक मना रहे थे।

## पिकनिक का आनंद उठाया

**दलाही।** पहला जनवरी 2024 का स्वागत और 2023 के बिदाई में लोगों ने काफी आनंद किया। सोमबार को इलाके के लोगो ने डीजे के साथ गुमरो पहाड़ पहुँचकर पिकनिक का आनंद उठाया। कई तो अपने परिवार के साथ,कई अपने दोस्तों के साथ और ज्यादातर लोग अपने घर मे ही भोजन करके पहाड़ पर घूमने पहुँचे। पहला जनवरी सोमवार रहने से लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना करके नया वर्ष का स्वागत किया।

## नगर थाना प्रभारी गोड्डा ने नववर्ष का अनोखे अंदाज में किया स्वागत

# बच्चों और गरीबों के बीच मिठाई वितरित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी गोड्डा मधुसूदन मोदक ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ मिलकर साल के प्रथम दिन सोमवार को नगर क्षेत्र में घुम घुमकर गरीब बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के बीच मिठाई बांटकर नववर्ष का स्वागत इस अंदाज में किया। थाना प्रभारी ने विकास भवन के पास, रामनगर, शिवपुर शीतला नगर एवं रोहतारा के आसपास झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब असहाय, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के बीच मिठाई बाँटकर खुशियां मनाई ओर सभी को हैप्पी न्यू इयर्स कहते हुए नववर्ष का शुभकामनाये भी दी तथा ईश्वर से उनलोगों के लिए शुभ व मंगलकामना भी किये है। थाना



प्रभारी ने जिनलोगों के बीच नववर्ष की खुशियां बांटी इनमें से सभी असहाय, दैनिक मजदूर एवं मजबूर गरीब है। मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि यह गरीब बच्चे, परिवार अपने समाज के लोग हैं बड़े लोगों के साथ तो हर कोई बैठकर पिकनिक मना लेते है साथ खाना खा लेते है लेकिन इनके बीच मिठाई बांटने के बाद मुझे जो सुखद अनुभूति हुई है और होती है यह मुझे किसी भी पिकनिक स्पॉट और कई प्रकार के यात्राओ के बाद भी नहीं मिलेगी। ऐसा करके मुझे एक सुखद आनंद की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि नववर्ष हो या कोई भी पर्व-त्योहार हो मै गरीब बस्ती के लोगों के बीच अपनी खुशियां बांटकर अपने को बड़ा सौभाग्यशाली और सुखद अनुभूति महसूस करता हूं। इस अवसर पर पुअनि राजेन्द्र यादव, स अ नि गौरव कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## धर्मस्थान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में हरिनाम संकीर्तन का हुआ समापन

**दुमका।** शहर के धर्मस्थान मंदिर में नव वर्ष पर आयोजित हरिनाम संकीर्तन का समापन सोमवार हो गया। वर्ष 2023 के अंतिम दिन 31 दिसंबर की दोपहर से हरिनाम संकीर्तन शुरू हुआ जो दूसरे दिन वर्ष 2024 के पहले दिन 1 जनवरी के दोपहर में समाप्त हुआ। नव वर्ष पर आयोजित कीर्तन में काफी संख्या में भक्त जुटे थे। धर्मस्थान मंदिर के पुरोहितों के देख-रेख में आयोजित विशेष पूजन के साथ कीर्तन का समापन हुआ। मौके पर कमेटी के सदस्य अमर गुप्ता, राम कुमार मंडल, दीपक स्वर्णकार, पंडित नेपाल चन्द्र झा उपस्थित थे। वही दुमका के अन्य मंदिरों गिलानपाड़ा के श्री श्री 108 गिलानेश्वर नाथ महादेव मंदिर, डंगालपाड़ा मंदिर, गोपाल मंदिर, कान्हू पाड़ा मंदिर सहित अन्य जगहों में भी अंखड 24 प्रहर संकीर्तन का समापन किया गया।

# नए डीआईजी के रूप में आईपीएस संजीव कुमार ने संभाला कार्यभार



पदभार ग्रहण करते डीआईजी व स्वागत करते एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संथाल परगना प्रक्षेत्र के डीआईजी के रूप में आईपीएस संजीव कुमार ने सोमवार को योगदान दिया। डीआईजी का प्रभार लेने के बाद कार्यालय में एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डीआईजी श्री कुमार ने कहा कि बाबा नगरी में सेवा का मौका मिला है। बाबा नगरी होने के कारण देश विदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। पुलिस का जो दायित्व है, उसका निर्वहन होगा। पुलिस और पब्लिक का संबंध अच्छा हो इसके लिए कार्य करेंगे। ताकि भयमुक्त समाज का निर्माण हो सके।

# बीजीआर कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों का जनता कर्फ्यू, वाहनों के प्रवेश पर रोक







बीजीआर कंपनी के विरोध में ग्रामीणों ने लगाया बैरियर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड दुमका - रामपुरहाट रेल मार्ग के हरिनसिंघा (पागदहा) रेलवे स्टेशन पर कोयला लोडिंग के लिए सरकार द्वारा जीबीआर कंपनी लोडिंग का लाइसेंस एलॉट को दिया गया है। जिसका ग्रामीणों का पुरजोर विरोध जारी है। ग्रामीण रैक पॉइंट खुलने नहीं देना चाहते।

इसके बावजूद कंपनी द्वारा दबाव बनाकर रेलवे स्टेशन पर लोडिंग पॉइंट तो बनाया जा रहा है। लेकिन ग्रामीणों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक जनवरी 2024 को जहां पूरा देश अंग्रेजी नव वर्ष के जश्न में डूबा हुआ है। वही शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कोल ब्लॉक वाले गांव के ग्रामीण हरिनसिंघा स्टेशन के पहुंच मार्गो पर जगह-जगह बांस बल्ला, पत्थर लगाकर परंपरागत तरीके से चूड़का लगाते हुए जनता कर्फ्यू का ऐलान कर दिया है। साथ तख्तियां भी लगाई गई है। जिसपर लिखा गया है कि ग्राम सभा की अनुमति के बगैर कोयला गाड़ी घुसाना वर्जित है। इस तरह का अवरोध चिरुड़ीह, हुलसडगाल, लताकांदर, जमरुपानी सहित कई मौजा के मार्गो में जगह-जगह पर बांस बल्ली और तख्तियां लगाई गई है। एक तरह से ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है कि जीबीआर कंपनी ग्रामीण पर जितना प्रशासनिक दबाव बनाएगी।

उतना ही उनके लिए नई-नई मुश्किलें आए दिन खड़ा होगा। अभी कुछ ही दिन पहले ही परंपरागत हथियार से लैस ग्रामीणों द्वारा लगातार कोल कंपनी और जीबीआर कंपनी का लगातार विरोध किया जा रहा है। दरअसल लोगों को यह डर सता रहा है कि वर्तमान में जिस तरह काठीकुंड से दुमका रेलवे स्टेशन के रास्ते कोयला लोडिंग की वजह से भारी वाहनों का परिचालन काफी बढ़ गया है,आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, प्रदूषण बढ़ गया है तो वैसी स्थिति इस क्षेत्र में भी पैदा न हो जाए।

## पेज 1 का शेष

### इसरो खोलेगा ब्लैक होल...

**भारत बना दुनिया का दूसरा देश :** इस उपग्रह के माध्यम से भारत अमेरिका के बाद आकाशगंगा में ब्लैक होल और न्यूट्रॉन सितारों का अध्ययन करने के लिए एक विशेष खगोल विज्ञान वेधशाला भेजने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि आज एक और सफल अभियान पूरा हो गया है। यह खगोलीय स्त्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन का अंतरिक्ष आधारित ध्रुवीकरण माप में अध्ययन करने के लिए अंतरिक्ष एजेंसी का पहला समर्पित वैज्ञानिक उपग्रह है। उन्होंने कहा कि सबसे भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) ने अपने सी58 मिशन में मुख्य एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह को पृथ्वी की 650 किलोमीटर निचली कक्षा में स्थापित किया। पीएसएलवी ने यहां पहले अंतरिक्ष तल से सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरी थी। मिशन निदेशक डॉ जयकुमार एम ने कहा, एक्सपोसैट एक अंतरिक्ष वेधशाला है।

### कड़ाके की ठंड...

राजधानी रांची और इसके आसपास के इलाकों में मौसम के मिजाज की बात करें तो दो जनवरी की सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम शुष्क रह सकता है। तीन से सात जनवरी तक आसमान में आंशिक बादल रहेंगे और हल्की बारिश की संभावना जतायी गयी है। **न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री :** पिछले 24 घंटे में झारखंड का मौसम शुष्क रहा। कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस गिरिडीह में दर्ज किया गया।

### भारत का नंबर-1 दुश्मन...

साल 2001 में हुए संसद हमले, 2005 के अयोध्या राम जन्मभूमि हमले और फरवरी 2019 में पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में मसूद अजहर का नाम रहा है। इसके अलावा भी भारत के खिलाफ कई आतंकी गतिविधियों में अजहर का नाम आता रहा है। 3 जनवरी, 2016 को उसने अफगानिस्तान के बाल्क में मजार-ए-शरीफ में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले का भी निर्देश दिया था। वह अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन और तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर का करीबी सहयोगी था। अजहर का जन्म 10 जुलाई 1968 को बहावलपुर, पंजाब, पाकिस्तान में हुआ था। विशेष रूप से, मसूद अजहर उन आतंकवादियों में से एक था, जिन्हें इंडियन एयरलाइंस की उड़ान 814 के अपहरण के बाद रिहा करने की मांग की गयी थी। मसूद अजहर ने 13 दिसंबर 2001 को संसद पर आतंकी हमले की भी साजिश रची थी। वह इस्लामाबाद में पाकिस्तानी डीप स्टेट की सुरक्षात्मक हिरासत में रहता था। 55 वर्षीय आतंकवादी शायद ही कभी बहावलपुर पाकिस्तान में रेलवे लिंक रोड पर स्थित अपने मदरसे, मरकज-ए-उस्मान-ओ-अली की यात्रा करता था।

### भोपाल के फूलों से...

**राम मंदिर पर आज भाजपा की बैठक :** अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का तेजी से चल रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। इस बीच भाजपा ने मंगलवार को राम मंदिर तैयारी को ले कर नयी दिल्ली में बैठक बुलायी है। बैठक में जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे। जानकारी के मुताबिक, हर प्रदेश से दो पदाधिकारियों को भी बैठक में बुलाया गया है। पार्टी बड़े स्तर पर देशभर में राम मंदिर के जन जागरण को लेकर बड़े कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रही है। इस साल देश में आम चुनाव होने हैं। भाजपा और पीएम मोदी तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। पीएम मोदी ने 30 दिसंबर को अयोध्या का दौरा किया था।

### कार्यकाल पूरा करेंगे...

**संघर्षो से हमारा पुराना रिश्ता :** सीएम ने कहा कि अगर हम इतिहास के पन्नों को पलटेंगे तो पता चलेगा कि आदिवासियों का संघर्षों से पुराना रिश्ता- नाता रहा है। जल, जंगल, जमीन से लेकर अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों ने लगातार उलगुलान किया। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में आदिवासियों ने अपना सब कुछ झोंक दिया। इन आंदोलनों और संघर्षों में अनगिनत आदिवासियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज हम उन्ही शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। **आदिवासी हमेशा उपेक्षित रहे :** सीएम ने कहा कि आदिवासी हमेशा नजरअंदाज किये जाते रहे हैं। हमारे नीति निर्धारकों ने इनके विकास, कल्याण और हित की दिशा में बहुत गंभीरता नहीं दिखाई। यही वजह है कि आदिवासी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर और पिछड़े बने रहे। हमारी सरकार आदिवासियों को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जिसकी पहचान आदिवासियों से होती है। हमारी सरकार ने यहां के आदिवासियों और उनकी सभ्यताए संस्कृति तथा परंपरा को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ किया। हम आदिवासियों के मान-सम्मान से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इस मौके पर चम्पाई सोरेन, जोबा मांझी, दशरथ गागराई, सुखराम उरांव, दीपक बिरुआ, सविता महतो, सोनाराम बोदरा और हो महासभा के अध्यक्ष कृष्णा चंद बोदरा विशेष रूप से मौजूद थे। **अगली सरकार भी बनायेंगे :** सीएम ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पिछली सरकार के मुखिया ने इस पवित्र शहीद स्थल पर शहीदों का अपमान किया था, जिसका परिणाम सभी ने देखा। पिछली सरकार ने आदिवासियों को दबाने और कुचलने की कोशिश की। हमारी सरकार की जड़ें काफी मजबूत है, क्योंकि, इसे आपने बनाया है। यह आपकी सरकार है। झारखंड वासियों को अब किसी चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी और 2024 का भी चुनाव जीतकर वे सरकार बनायेंगे। उन्होंने कहा, अलग राज्य बनने के दौरान यहां सरप्लस बजट था, परंतु पूर्व की सरकारों ने यहां के संसाधनों का दोहन किया। हमने आदिवासियों को उनका हक और अधिकार देना शुरू किया, जिससे उनके पेट में दर्द होने लगा। राजनीतिक मैदान में हमसे नहीं सके, तो तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर परेशान कर रहे हैं। विपक्षी दल के नेता हमारी सरकार को गिराने का षडयंत्र रच रहे हैं, लेकिन झारखंड के युवा अब जागरूक हो चुके हैं। उनके मंसूबे में कभी सफल नहीं होंगे। हमारी सरकार कार्यकाल पूरा करेगी साथ ही अगले पांच साल के लिए भी सरकार बनायेंगे।

## स्पीड न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी ने नववर्ष पर दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देशवासियों को नये साल पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर जारी शुभकामना संदेश में कहा कि 2024 सभी के जीवन में समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आये। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी एक्स हैंडल पर लोगों को नववर्ष बधाई दी है।

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ सस्ता

**नयी दिल्ली।** नये साल 2024 के पहले दिन कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के मूल्य में कटौती की गयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं विपणन कंपनियों ने बड़ी राहत देते हुए 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 1.50 रुपये से लेकर 4.50 रुपये तक की कटौती की है। नयी दरें सोमवार से लागू हो गयी हैं।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार का बना रिकॉर्ड

**मेहसाणा।** वर्ष 2024 की शुरुआत के साथ ही गुजरात ने एक उपलब्धि हासिल की है। सोमवार को राज्य में 108 स्थानों पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इसमें 50 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए और गुजरात में सामूहिक सूर्य नमस्कार से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया गया। गुजरात की उपलब्धि की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि गुजरात ने एक अनूठी उपलब्धि के साथ 2024 का स्वागत किया है।

### हमास ने इजराइल पर बरसाये बम

**तेल अवीव।** गाजा पट्टी पर छिड़े इजराइल-हमास युद्ध पर विराम के कोई आसार फिलहाल नजर नहीं आ रहे। इस बीच, सोमवार सुबह फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के आतंकवादियों ने इजराइल पर करीब 20 रॉकेट दागे। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, हमास ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। हमास ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा है कि उसकी अल-कसम ब्रिगेड जायोनी नरसंहार के जवाब में तेल अवीव शहर और उसके बाहरी इलाके में 'एम90' रॉकेटों से बमबारी कर रही है।

### फरवरी में सॉवरेन गोल्ड बांड की अगली सीरीज

**नयी दिल्ली।** वर्ष 2024 में जारी होने वाले सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। इस साल फरवरी में निवेशकों को पहली बार सॉवरेन गोल्ड बांड में निवेश करने का मौका मिलेगा। 2023-24 की अगली सीरीज 12 फरवरी को शुरू होगी और 16 फरवरी तक इसमें निवेश किया जा सकेगा।

### भारत-यूएई के बीच आज से 'डेजर्ट साइक्लोन'

**जैसलमेर।** भारतीय सेना और यूएइ की सेना के बीच संयुक्त अभ्यास मंगलवार से होने जा रहा है। इस युद्धाभ्यास को 'डेजर्ट साइक्लोन' नाम दिया गया है।

# नववर्ष पर लाल चौक से लॉस एंजिल्स तक जश्न में डूबे लोग

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारत में जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के लाल चौक से लेकर अमेरिकी शहर लॉस एंजिल्स तक लोग नये साल के जश्न में डूबे रहे। लॉस एंजेल्स अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत का सबसे बड़ा शहर एवं न्यूयॉर्क के बाद पूरे देश का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। हॉलीवुड के सितारों से जगमग इस शहर में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की।

सारे भारत में लोगों ने सोमवार की सुबह नये साल पर सबसे पहले धर्मस्थलों पर जाकर पूजा-अर्चना कर ईश्वर का आशीर्वाद लिया। इससे पहले लोगों ने रात को पटाखे फोड़कर 2024 का स्वागत किया। एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। महाकाल, वैष्णो देवी, गंगा घाट, स्वर्ण मंदिर सहित सभी देवस्थानों में साल की पहली आरती और पूजा-पाठ किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को नये वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ख्यातिलब्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी के ब्लू फ्लैग बीच पर महाप्रभु जगन्नाथ की 25 फीट ऊंची रेत की मूर्ति बनायी। वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर साल 2024 की पहली गंगा आरती की गयी। गंगा आरती के साथ सूर्य पूजा भी की गयी। हजारों श्रद्धालु



इस मनोरम दृश्य के साक्षी बने।

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में नये साल की पहली भस्म आरती आयोजित की गयी। भस्म आरती में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। पंजाब के अमृतसर स्थित प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर में भी साल के पहले दिन संगतों का सैलाब पहुंचा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में साल के पहले दिन भव्य आरती की गयी। आरती में सैकड़ों लोग शामिल हुए। प्राचीन हनुमान मंदिर के अलावा, दिल्ली के ही लोधी रोड स्थित साईं मंदिर में भी आरती की गयी। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर में नए साल 2024 की पहली काकड़ आरती की गयी।

विश्व प्रसिद्ध आंध्र प्रदेश के तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने नये साल के अवसर पर भगवान तिरुपति बालाजी के मंदिर को ताजे पुष्पों से सजाया। केरल के सबरीमाला मंदिर में भक्तों ने भगवान अयप्पा के सामने माथा टेका और प्रार्थना की। तमिलनाडु के रामेश्वरम स्थित गिरजाघरों में नये साल की शुरुआत में विशेष प्रार्थना आयोजित की गयी। कोलकाता के पार्क स्ट्रीट में भी लोग नये साल के जश्न में डूबे दिखे। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी नये साल का जश्न मनाया गया। दिल्ली के प्रसिद्ध झंडेवाला मंदिर में साल 2024 की पहली आरती हुई। मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया और नयी दिल्ली के कनॉट पैलेस जमकर भीड़ रही। थाईलैंड के बैंकॉक में आतिशबाजी के साथ नये साल की शुरुआत का जश्न मनाया गया। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक को रंग बिरंगी रोशनी से जगमग किया गया।

### देश में अब तक कोरोना के जेएन-1 वेरिएंट के 196 मामले, तीन की मौत

**नयी दिल्ली।** भारत में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसमें नये पहचाने गये संक्रामक वेरिएंट के भी कई मामले शामिल हैं। नये वेरिएंट के अब 196 मामले सामने आ चुके हैं। कोरोना से पिछले 24 घंटों में तीन मौतें हुई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 636 नये मामले सामने आये हैं। इस दौरान तीन लोगों की मौत हुई है। कोरोना के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 4,394 है। इंसाकोग (विशेष लैब समूह) के आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के नये वेरिएंट जेएन-1 के अबतक 196 मामलों की पुष्टि की जा चुकी है।

# 7.4 तीव्रता के भूकंप से दहला जापान

## सुनामी का डर, इशिकावा के वाजिमा शहर के तट पर उठीं एक मीटर से अधिक ऊंची लहरें

**टोक्यो (हि.स.)।** उत्तर मध्य जापान में शाम 4:10 बजे (स्थानीय समय) 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद जापान के तट पर सुनामी लहरें देखी गयीं। भीषण भूकंप के बाद सुनामी के खतरे के कारण जापान के पश्चिमी तट के कुछ हिस्सों में लोगों को तुरंत खाली करने के लिए कहा गया है।

सार्वजनिक प्रसारक एनएचके के हवाले से सोमवार को बताया गया कि जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने इशिकावा, निगाटा और टोयामा प्रांत के पश्चिमी तटीय क्षेत्रों में सुनामी की चेतावनी जारी की है। एजेंसी के मुताबिक करीब पांच मीटर तक ऊंची सुनामी इशिकावा प्रांत में नोटो तक पहुंच रही है। अमेरिकी एजेंसी के मुताबिक भूकंप केंद्र के 300 किमी के दायरे में जापान तट पर खतरनाक सुनामी की लहरें उठने की संभावना है।

एनएचके की रिपोर्ट के अनुसार



इशिकावा प्रांत में वाजिमा शहर के तट पर एक मीटर से अधिक ऊंची लहरें उठीं। होकुरिकु इलेक्ट्रिक पावर ने कहा कि वह अपने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में किसी भी अनियमितता की जांच कर रहा है। जापान के इशिकावा प्रांत में स्थानीय स्टेशन से जारी वीडियो में बड़े भूकंप के बीच बेहद शक्तिशाली झटके देखे जा सकते हैं। रूस ने पश्चिमी तट के कुछ हिस्सों के लिए सुनामी के खतरे की घोषणा की है और निवासियों से जापान में बड़े भूकंप के बाद ऊंचे स्थानों पर चले जाने का आग्रह किया है। कंसाई इलेक्ट्रिक पावर के एक प्रवक्ता ने बताया कि उसके परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में फिलहाल कोई असामान्यता नहीं है, लेकिन कंपनी स्थिति पर करीब से नजर रख रही है।

### भारतीय दूतावास ने जारी किये इमरजेंसी नंबर

**टोक्यो।** जापान में सोमवार को तेज भूकंप और सुनामी के बाद भारतीय दूतावास ने एक आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित करके भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन नंबर जारी किये हैं। दूतावास ने कहा है कि किसी भी सहायता के लिए निम्नलिखित आपातकालीन नंबरों और ई-मेल आइडी पर संपर्क किया जा सकता है। बताया गया है कि दूतावास संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है। ये टेलीफोन नंबर 81-80-3930-1715 (याकूब टोपनो), 81-70-1492-0049 (अजय सेठी), 81-80-3214-4734 (डीएन बरनवाल), 81-80-6229-5382 (एस. भट्टाचार्य) और 81-80-3214-4722 (विवेक राठी) हैं। इनके अलावा दो प्रमुख ई मेल भी जारी किये गये हैं।

## उत्तर भारत में बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले तीन महीनों में उत्तर भारत में बारिश सामान्य से अधिक रहने की संभावना जतायी है। सुदूर दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत, सुदूर उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना जतायी है। सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जनवरी से मार्च 2024 के लिए वर्षा का पूर्वानुमान और जनवरी 2024 के दौरान वर्षा और तापमान की जानकारी दी गयी।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी शीत ऋतु (जनवरी से मार्च 2024) के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में वर्षा सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है, जो कि लंबे समय की अवधि के औसत (एलपीए) का 86 फीसदी से अधिक है। इसे रबी की फसल के लिए अच्छा माना जा रहा है। विभाग के अनुसार, देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक ऋतु वर्षा होने की संभावना है। केवल सुदूर दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत, सुदूर उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर, जहां सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना है।

वहीं, जनवरी 2024 में बारिश के पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में मासिक वर्षा सामान्य से अधिक होने की संभावना है।

देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। जनवरी 2024 के दौरान, देश के कई हिस्सों में मासिक न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, केवल उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर, जहां सामान्य से लेकर सामान्य से नीचे न्यूनतम तापमान होने की संभावना है।

## भारत और पाकिस्तान ने साझा की परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारत और पाकिस्तान ने सोमवार को नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से दोनों देशों के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के खिलाफ हमले को रोकने के समझौते के तहत शामिल परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची का आदान-प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि इस समझौते पर 31 दिसंबर, 1988 को हस्ताक्षर किये गये थे और 27 जनवरी, 1991 को लागू हुआ था। अन्य बातों के साथ-साथ इसमें प्रावधान है कि भारत और पाकिस्तान पहली जनवरी को समझौते के तहत शामिल किये जाने वाले परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के बारे में एक-दूसरे को सूचित करेंगे। यह दोनों देशों के बीच ऐसी सूचियों का लगातार 33वां आदान-प्रदान है। पहला आदान-प्रदान 01 जनवरी, 1992 को हुआ था।

**कैदियों की सूची भी साझा की :** भारत और पाकिस्तान ने सोमवार को नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ



राजनयिक चैनलों के माध्यम से अपनी हिरासत में नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची आदान-प्रदान की है। कांसुलर एक्सेस पर 2008 के समझौते के प्रावधानों के तहत हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को इन सूचियों का आदान प्रदान किया जाता है। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत ने अपनी हिरासत में बंद 337 नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों की सूची साझा की है, जो पाकिस्तानी हैं या पाकिस्तानी माने जाते हैं। इसी तरह, पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में मौजूद 47 नागरिक कैदियों और 184 मछुआरों की सूची साझा की है, जो भारतीय हैं या माना जाता है कि वे भारतीय हैं।

### सरकार ने चुनावी बांड की 30वीं किस्त को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए जारी होने वाले चुनावी बांड की 30वीं किस्त को मंजूरी दे दी है। इन बांड की बिक्री 2 जनवरी से शुरू होगी। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि सरकार ने चुनावी बांड की 30वीं किस्त को मंजूरी दे दी है। इस बांड के 30वें चरण को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ) को दो जनवरी से लेकर 11 जनवरी तक अपनी 29 अधिकृत शाखाओं के माध्यम से चुनावी जारी करने और उन्हें भुनाने के लिए अधिकृत किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक चुनावी बांड की 30वें चरण की बिक्री के लिए स्टेट बैंक की अधिकृत शाखाओं में बेंगलुरु, लखनऊ, शिमला, देहरादून, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, पटना, नयी दिल्ली, चंडीगढ़, श्रीनगर, गांधीनगर, भोपाल, रायपुर और मुंबई शामिल हैं। यह बांड जारी होने की तारीख से 15 दिन के लिए वैध होंगे। इसकी वैधता अवधि खत्म होने के बाद बांड जमा किया जाता है, तो किसी भी भुगतानकर्ता दल को कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।

## मानव जाति को सुसंस्कृत बनाने को साधु-संतों ने की दुर्गम यात्राएं : राजनाथ

### रक्षामंत्री ने किया बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन

**मथुरा (हि.स.)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को वात्सल्य ग्राम वृंदावन में समविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, योगगुरु बाबा रामदेव और साध्वी ऋतंभरा प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।



इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि साधु-संतों ने मानव जाति को सुसंस्कृत बनाने के लिए दुर्गम यात्राएं की। रक्षामंत्री ने कहा कि जब ना तो हवाई जहाज था, ना ही पानी के जहाज थे, ना ट्रेन, ना बस, न कार, यहां तक कि यातायात के सामान्य साधन भी सुलभ नहीं थे, न तो सड़कें थी, और ना ही गूगल मैप के द्वारा कोई नक्शा ढूंढा जा सकता था। कहीं की भाषा अलग थी, तो कहीं का समाज बर्बर और हिंसक था, कई-कई ऐसे समाज भी इतिहास में देखने को मिले, जो बाहरी लोगों को देखना तक पसंद नहीं करते थे। जब इतनी सारी दिक्कतें थीं, तो फिर यह सोचने की बात है कि आखिर किसने प्रेरित किया, हमारे साधु-संतों को, कि वह इतनी अदम्य और दुर्गम यात्राएं कर सकें। राजनाथ सिंह ने कहा कि उस प्रेरणा के पीछे मानव जाति के प्रति करुणा और उन्हें श्रेष्ठ तथा सुसंस्कृत बनाने का भाव था। इसी भाव ने हमारे साधु-संतों को प्रेरणा दी, जिस कारण उस विकट समय में भी उन्होंने दुनिया को भद्र बनाने के लिए पैदल पूरी यात्रा की। उन्होंने कहा कि जब दुनिया में भारत के अलावा कहीं भी सभ्यता और ज्ञान नहीं था, उस समय ऋषियों ने हमारे पूर्वजों को आदेश देते हुए कहा था, कृण्वन्तो विश्वमार्यम, यानी जाओ और जाकर दुनिया को भद्र बनाओ, श्रेष्ठ बनाओ, उन्हें सुसंस्कृत करो और जाकर उनका हृदय जीतो। श्रद्धेय अटल जी ने इसी हृदय जीतने की क्षमता पर लिखा था, भूभाग नहीं, शत-शत मानव के हृदय जीतने का निश्चय, हिंदू तन-मन, हिंदू जीवन, रग-रग हिंदू मेरा परिचय। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, जब हमारी सरकार ने, सैनिक स्कूल में बालिकाओं के दाखिले को मंजूरी दी, तो वह समय नारी उत्थान के इतिहास के स्वर्णिम क्षणों में से एक था। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा करने का अधिकार जितना पुरुषों को है, उतना ही इस देश की नारी शक्ति को भी है। आज यहां पर बालिका सैनिक स्कूल की शुरुआत हो रही है।

### बब्बर खालसा से जुड़ा गोल्डी बराड़ आतंकी घोषित

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े सतविंदर सिंह उर्फ सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ को



यूएपीए के तहत आंतकवादी घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैर कानूनी गतिविधि निरोधक कानून (यूएपीए) के तहत आतंकी सूची में कनाडा के ब्रैम्पटन में रह रहे गोल्डी बराड़ का नाम शामिल किये जाने से जुड़ी अधिसूचना जारी की है। इस कानून के तहत बब्बर खालसा इंटरनेशनल को पहले ही आंतकी संगठन घोषित किया जा चुका है। पंजाब के मुक्तसर साहिब का रहने वाला गोल्डी बराड़ अपने साथियों के साथ देश विरोधी गतिविधियों और हमलों तथा लक्षित हिंसा में संलिप्त है। उसके खिलाफ पिछले साल जून में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। पाकिस्तानी एजेंसियों की मदद से देश में राष्ट्रवादी विचारों से जुड़े लोगों की हत्या और धमकाने की वारदात में शामिल रहा है।

## उतार-चढ़ाव के बीच मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार ने वर्ष 2024 के पहले दिन सोमवार को उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। आज की तेजी के कारण पहले दिन ही शेयर बाजार के निवेशकों को करीब सवा लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव के कारण शेयर बाजार की चाल की गिरावट और बढ़ गयी। लेकिन, बाद में खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.04 प्रतिशत और निफ्टी 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। बीएसइ सेंसेक्स आज दिनभर के कारोबार के बाद 72,271.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी दिनभर की खरीद-बिक्री के बाद 10.50 अंक की मजबूती के साथ 21,741.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स-निफ्टी ने दिखायी तेजी

आज के कारोबार में पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, आइटी और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह रियल्टी, एनर्जी और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयर दबाव में कारोबार करते नजर आये। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसइ का मिडकैप इंडेक्स 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ।

## जगन्नाथ मंदिर में फटी जींस, स्कर्ट पहन कर आने वाले श्रद्धालुओं पर लगी रोक

एजेंसी

**पुरी (ओडिशा)।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने इस धार्मिक स्थल में निकर, फटी जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन वाले कपड़े पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश करने पर रोक लगा दी है। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए 'ड्रेस कोड' अनिवार्य कर दिया है। उसने नववर्ष से मंदिर परिसर में गुटखा व पान खाने तथा प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के प्रयोग पर भी पूरी तरह से रोक लगा दी है।

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने के लिए 'शालीन वस्त्र' पहनने होंगे। हाफ पैंट, निकर, फटी हुई जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन के कपड़े पहनने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने की



अनुमति नहीं दी जायेगी। इस नियम के लागू होने से 2024 के पहले दिन मंदिर आ रहे पुरुष श्रद्धालुओं को धोती और तौलिया पहने हुए देखा गया और महिलाएं साड़ी या सलवार कमीज में नजर आयीं।

एसजेटीए ने पहले इस संबंध में एक आदेश जारी किया था और पुलिस से इन पाबंदियों को लागू करने के लिए कहा था। अधिकारी ने बताया कि मंदिर की पवित्रता बनाये रखने को मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नियम उल्लंघन करने वाले लोगों पर जुमार्ना लगाया जा रहा है। इस बीच, नववर्ष के दिन सोमवार को भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए पुरी में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोले गये, जो रविवार की रात एक बजकर 40 मिनट से ही ग्रांड रोड पर कतार में खड़े हो गये थे। पुरी पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सोमवार को दोपहर 12 बजे तक 1,80,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने जगन्नाथ धाम के दर्शन किये। बिना किसी बाधा के दर्शन सुनिश्चित करने के साथ ही पुलिस दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए भी दर्शन की सुविधा सुनिश्चित कर रही है।

### जन मन सर्वेक्षण में भाग लें, भारत की प्रगति पर विचार साझा करें : पीएम

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नागरिकों से जन-मन सर्वे में भाग लेने और पिछले 10 वर्षों में भारत द्वारा हासिल की गयी प्रगति पर अपने विचार साझा करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गयी प्रगति के बारे में आप क्या सोचते हैं? नमो एप पर जन मन सर्वेक्षण के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया सीधे मेरे साथ साझा करें! उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 19 दिसंबर को अपनी सरकार और स्थानीय प्रतिनिधियों के प्रदर्शन पर व्यापक सवालों के साथ नमो एप पर जन-मन सर्वे की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य सरकार के 10 सालों के कामों पर जनता से फीडबैक लेना है।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!